# राजस्थान की राजनीति

Tni आवाज़

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका

HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, बुधवार 01 मई, 2024 | » वर्ष: 2 » अंक: 186 » पृष्ठ: 8 » मूल्य: 2.00 रू.


# कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक, एक्सपर्ट बोले, दुनिया में कोई चीज अमृत नहीं

## भाजपा गरीबों के अधिकार छीनने के लिए मांग रही 400 से अधिक सीटें : मल्लिकार्जुन खरगे

राजस्थान की राजनीति



**छत्तीसगढ़।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा गरीबों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि उनके अधिकार छीनने के लिए 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतना चाहती है। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक अभियान रैली में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह महसूस करने के बाद निराश हो गए थे कि भारतीय गुट बहुमत की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए वह "मंगलसूत्र" और "हिंदू-मुसलमान" के बारे में टिप्पणियों का सहारा ले रहे हैं।" यह रैली जांजगीर-चांपा से कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया के समर्थन में थी। खरगे ने कहा, "यह चुनाव भारत को एकजुट रखने और संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है।" उन्होंने कहा, "मोदी और उनके अनुयायी बार-बार कहते हैं, हमें 400 से अधिक का आंकड़ा दीजिए। वे 400 से अधिक सीटें मांग रहे हैं, गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े लोगों के कल्याण के लिए नहीं...वे ऐसा चाह रहे हैं कि गरीब लोगों के अधिकार छीन लो।" खरगे ने यह भी पूछा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को यह स्पष्ट क्यों करना पड़ा कि वे संविधान में बदलाव नहीं करेंगे या आरक्षण समाप्त नहीं करेंगे, अगर किसी भाजपा नेता ने पहले ऐसी योजनाओं के बारे में बात नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा गरीबों की बात करती है, लेकिन उद्योगपति अडानी और अंबानी की आय बढ़ाती है।" उन्होंने प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी पर भी हमला बोला कि कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र सहित लोगों की संपत्ति जब्त करने की योजना बना रही है, और पूछा, "हमने (कांग्रेस) 55 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन क्या हमने किसी का मंगलसूत्र छीना या लोगों को सलाखों के पीछे डालने के लिए ईडी, आईटी का दुरुपयोग किया?"

## वैक्सीन कोई भी लगवाई हो... डरने की जरूरत नहीं, मौतों का सीधा ताल्लुक टीके से नहीं

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** कोविशील्ड वैक्सीन पर उठ रहे सवालों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना महामारी के बाद अचानक मौतें हो रही हैं। लेकिन वैक्सीनेशन हर मौत की सीधी वजह नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि देश में वैक्सीनेशन को हुए लंबा समय गुजर गया है। यदि टीकाकरण के बाद कोई साइड इफेक्ट्स दिखता, तो अभी तक देश में बड़े स्तर पर केस सामने आ चुके होते। वहीं एम्स ने अचानक हुई मौतों की वजह जानने के लिए जो अध्ययन किया उसमें से 50 फीसदी मौतें हार्ट अटैक से नहीं हुईं। सांस समेत दूसरी बीमारियों से इनकी मौते हुई हैं। बचे 50 फीसदी को सीधे तौर पर हार्ट अटैक आया। एम्स के विशेषज्ञों की राय है कि यदि खून में थक्का पड़ता तो सभी मौते हार्ट अटैक से होनी चाहिए थी। इससे पहले सोमवार को ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार माना था कि उनकी वैक्सीन से दुर्लभ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसमें कहा गया था कि इसके कारण थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम हो सकता है जिससे शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं। ऐसा होने पर पीड़ित हो स्ट्रोक, हृदयगति थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।




### इन तीन मंत्रों से सेहत का रखें ध्यान, शरीर रहेगा फिट

डॉ. अनुज कुमार ने सेहतमंद रहने के तीन मूल मंत्र बताए हैं। ये हैं-स्वस्थ आहार लें। शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाएं। हफ्ते में कम से कम में 5 दिन 20 मिनट के लिए शारीरिक व्यायाम जरूर करें। अगर आपको लगता है कि थोड़ी भी देर सीढ़ी चढ़ने से या तेज चलने से सांस फूल रही है तो एक बार डॉक्टर से जरूर मिल लें

### अचानक मौत के पीछे नहीं दिखा कार्डियक अरेस्ट कारण

एम्स के फारेंसिक मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन के कारण किसी की मौत हुई हो ऐसा हमें नहीं लगता। कोरोना के बाद अचानक कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक के कारण हो रही मौत का कारण जानने के लिए करीब 200 शवों पर शोध किया गया। इस शोध में पाया कि करीब आधे मरीजों की मौत कार्डियक अरेस्ट के कारण नहीं हुई थी। इनकी मौत के पीछे सांस की समस्या सहित दूसरे कारण मिले। जबकि अन्य 50 फीसदी मौत के पीछे कार्डियक अरेस्ट कारण पाया गया था। ऐसे में हम मान सकते हैं कि अचानक हो रही मौत के पीछे वैक्सीन का कोई रोल नहीं होगा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि लंदन में किस आधार पर यह दावा किया जा रहा है कि वैक्सीन के कारण धक्का जम रहा है और इससे दिल का दौरा पड़ सकता है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन भारत में ऐसा कोई संकेत नहीं दिखा है।

### दो साल पहले भी कहा था, बुस्टर डोज की जरूरत नहीं: डॉ. संजय के राय

एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर संजय के राय का कहना है कि एस्ट्राजेनेका जो बात आज कर रही है, वही दो साल पहले मैंने कहा था। उस समय सलाह दी गई थी कि बूस्टर डोज फायदे से ज्यादा नुकसान कर सकती है। शुरुआत में जब अधिक लोग संक्रमित नहीं थे, तब लोगों में हर्ड इम्यूनिटी नहीं थी और वैक्सीन की जरूरत थी ताकि बीमारी की गंभीरता और मौत के आंकड़ों को कम किया जा सके। किसी भी वायरस से बचने के लिए नेचुरल इम्यूनिटी जरूरी होती है। रही बात वैक्सीन से धक्के जमने के बारे में तो इसके लिए शोध जरूरी है।

### किसे कहते हैं साइड इफेक्ट्स, रिसर्च से समझिए

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, साइड इफेक्ट को एडवर्स रिएक्शंस भी कहते हैं। यानी किसी दवा या टीके के अनचाहा और अवांछित असर। साइड इफेक्ट्स मामूली भी होता है और जानलेवा भी। डॉक्टरों के अनुसार, कोई भी दवा या वैक्सीन हो, सबके साइड इफेक्ट्स होते हैं। ज्यादातर मामलों में साइड इफेक्ट्स से नाक से पानी बहना, पेट खराब होना से लेकर त्वचा में खुजली और रैशेज हो सकता है। कुछ से एलर्जी भी होती है। हालांकि, कुछ दवाओं और वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के गंभीर नतीजे भी होते हैं। कभी खून के थक्के बन जाते हैं तो कभी इंटरनल ब्लीडिंग तक हो जाती है। खांसी की सीरप वगैरह में अक्सर एलर्जी की शिकायत देखने को मिलती है। डॉ. रविकांत चतुर्वेदी, इंटरनल मेडिसिन के अनुसार, जैसे आप प्रोटीन के लिए दाल खाते हैं। लेकिन, इसका बाई प्रोडॅक्ट नाइट्रोजनस सब्सटेंस निकलता है, जो पेशाब के रास्ते बाहर कर दिया जाता है। अगर, ये चीजें न निकलें तो आपकी किडनी बैठ सकती है। यही साइड इफेक्ट्स है। आप एंटी बायोटिक्स लेते हैं तो आपके शरीर के अच्छे और खराब दोनों तरह के बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इसका साइड इफेक्ट यह हुआ कि आपको फायदा पहुंचाने वाले बैक्टीरिया भी मारे गए। इससे शरीर की इंटरनल फंक्शनिंग पर असर पड़ता है।

### कोरोना वायरस रूप बदलने में माहिर, इसलिए नहीं बन सकती सटीक वैक्सीन

डॉ. चतुर्वेदी के अनुसार, दुनिया में कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। किसी का कम या ज्यादा हो सकता है। ऐसे में बेवजह का हो-हल्ला किया जा रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाइरोलॉजी के डॉक्टरों के अनुसार, जिन लोगों को कोरोना हुआ, उसका साइड इफेक्ट कुछ हफ्ते, महीने या सालों बाद भी दिख सकते हैं। दरअसल, यह वायरस खुद को आनुवंशिक रूप से म्युटेट यानी खुद को बदलता रहा है। इसके कई वैरिएंट यानी रूप हैं। ऐसे में जब कोई दवा इससे निपटने के लिए बनती है तो इसके कुछ समय बाद ही इसने अपना रूप बदल लिया तो ऐसे में यह दवा या वैक्सीन बेअसर हो गई। यह वायरस अपना रूप किस तरह बदलता है, जब तक इसका राज खुल नहीं जाएगा, तब तक मुकम्मल वैक्सीन बना पानी मुश्किल है।

## मुश्किल में फंसे रविंद्र सिंह भाटी

## चुनाव खत्म होते ही मुश्किल में फंसे रविंद्र सिंह भाटी, 32 समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

राजस्थान की राजनीति



**बाड़मेर।** बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की रैलिया में भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन अब चुनाव खत्म होते ही वह बड़ी मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। 26 तारीख को हुए दूसरे चरण की वोटिंग के दौरान भाटी समर्थकों की गाड़ियों को पुलिस ने सीज कर दिया था। कई समर्थकों पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद 27 तारीख को भाटी अपने समर्थकों की गाड़ी छुड़ाने और उनके खिलाफ दर्ज केस वापस लेने के लिए बालोतरा एसपी ऑफिस के बारह धरने पर बैठ गए थे। पुलिस ने उन्हें आश्वसान दिया जिसके बाद उन्होंने धरना खत्म कर दिया था। अब पुलिस ने निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी और उनके 32 समर्थकों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, हाईवे जाम करने, धारा 144 का उल्लंघन करने आरोप लगाए हुए नामजद मुकदमा दर्ज किया है। इस बीच रविंद्र सिंह भाटी का 18 सेकंड का का वीडियो सामने आया है, जिसमें भाटी अपील करते हुए कहते हैं, 'अपना उद्देश्य हाईवे को ब्लॉक करना नहीं है। हाईवे से जो गाड़ियां गुजर रही है उनको जगह देना। हम अपनी बात को लोकतांत्रिक तरीके से आगे तक पहुंचाने और रखने आए हैं। आप सभी कॉपरेट करें।' सोमवार देर शाम पचपदरा ष्टद्ध अमराराम खोखर ने रविंद्र सिंह भाटी समेत 32 नामजद और अन्य कई लोगों पर राजकार्य में बाधा डालने, हाईवे जाम करने और धारा 144 के उल्लंघन में मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच सीआईडी सीबी को सौंपी गई है। भाटी ने 26 अप्रैल हुए दूसरे चरण की वोटिंग को लेकर बात करते हुए कहा कि वोटिंग के बायतु में कई जगह पर उनके समर्थकों को बेवजह पीटा गया। प्रवासी मतदाताओं को वोट देने से इनकार किया गया, उनकी गाड़ियों को सीज किया गया। एक तरफा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके समर्थकों को गिरफ्तार किया। बाड़मेर-जैसलमेर के करीब 100 मतदान केंद्रों पर फर्जी तरीके से वोटिंग हुई , जिसमें प्रशासन की

## राजस्थान के सांसद और विधायक करेंगे हरियाणा में प्रचार, प्रभारी सतीश पूनिया ने तय की ड्यूटी



राजस्थान की राजनीति

**रोहतक।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान राजस्थान के सांसद व विधायक हरियाणा में चुनाव प्रचार करेंगे, बल्कि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से रैली के लिए समय मांगा है। मंगलवार को राजस्थान के 15 नेता रोहतक स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां लोकसभा चुनाव में हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया ने बैठक लेकर ड्यूटी तय की। बैठक में लोकसभा चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला व प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा भी मौजूद रहे। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा के आसपास लगते राजस्थान क्षेत्र के नेता और कार्यकर्ता भी प्रदेश भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हैं। ऐसे सांसद, विधायक और पदाधिकारी भी हरियाणा में लोकसभाओं के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने का कार्य करेंगे। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, बाबा मस्तनाथ मठ के महंत और तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ, किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सांसद भागीरथ चौधरी, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत, युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, पूर्व विधायक विश्वनाथ मेघवाल, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया रोहतक पहुंच गए हैं।

### प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैलियों का समय मांगा

चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बुधवार को हिसार में पार्टी प्रत्याशी रणजीत चौटाला नामांकन करेंगे। साथ में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रहेंगे। अंबाला में बंतो कटारिया का मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत नामांकन कराएंगे। तीन मई को रोहतक में अरविंद शर्मा का नामांकन मुख्यमंत्री नायब करवाएंगे। नामांकन के बाद चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में बड़े नेताओं की रैलियां भी होंगी। इसके लिए पार्टी की प्रदेश इकाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ साथ, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर से समय मांगा है।

## जजों ने एएसजी पर की सवालों की बौछार

## केजरीवाल को चुनाव से पहले क्यों गिरफ्तार किया? सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और एजेंसी से जवाब मांगा. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से समय के सवाल पर जवाब देने को कहा. शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान ईडी से कहा, "जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं. आप इससे इनकार नहीं कर सकते." पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल पूछे और जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी है. मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है क्व बुधवार से दोनों न्यायाधीश अलग-अलग पीठ में बैठेंगे. इससे एक दिन पहले, 29 अप्रैल को इसी मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से भी कई सवाल पूछे थे और कहा था कि आम आदमी पार्टी के नेता ने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों नहीं की. पीठ ने कहा था, "क्या आप यह कहकर अपनी ही बात का खंडन नहीं कर रहे हैं कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत उनके बयान दर्ज नहीं किए गए? आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किये जाने पर उपस्थित नहीं होते हैं और फिर कहते हैं कि यह दर्ज नहीं किया गया." न्यायालय ने पूछा कि यदि केजरीवाल समन पर उपस्थित नहीं होते हैं तो जांच अधिकारी क्या करेंगे. न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, "यदि आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज नहीं कराते हैं तो आप यह नहीं कह सकते कि उनके बयान दर्ज नहीं किये गए." सिंघवी ने इसके जवाब में कहा था, "मेरा कहना है कि अन्य सामग्रियां भी मेरे अपराध को स्थापित नहीं करतीं. ईडी मुझे गिरफ्तार करने मेरे घर आई थी, तो फिर ईडी मेरे घर पर धारा 50 के तहत मेरा बयान क्यों नहीं दर्ज कर सकती?" पीएमएलए की धारा 50 ईडी अधिकारियों को समन जारी करने और दस्तावेज, सबूत तथा अन्य सामग्री पेश करने की शक्ति प्रदान करने से संबंधित है. पीठ ने सिंघवी से पूछा था, "आपने जमानत के लिए कोई अर्जी अधीनस्थ अदालत में दायर नहीं की थी?" सिंघवी ने जवाब दिया था, 'नहीं'. न्यायालय ने पूछा था, "आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की?" केजरीवाल के वकील ने कहा था कि इसके कई कारण हैं जिनमें मुख्यमंत्री की "गैरकानूनी" गिरफ्तारी भी शामिल है. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन




## सीएम भजनलाल ने दो अफसरों को बर्खास्त किया

**जयपुर** सीएम भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अफसरों के खिलाफ लंबे समय से पैंडिंग चल रही कार्रवाई में फाइनल फैसला दे दिया है। कुल 28 अफसरों के मामलों में फैसला दिया गया है। 28 अफसरों में से 17 रिटायर्ड हो चुके हैं। तीन अफसरों के खिलाफ तो 15 साल से मामले पैंडिंग चल रहे थे। इसमें दफ्तर में महिला के उत्पीड़न के मामले में आरोपी अफसर की पूरी पेंशन रोकने के आदेश दिए गए हैं। सरकार से बिना अनुमति लिए लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे दो अफसरों को सरकारी नौकरी से बर्खास्त करने का फैसला किया है। सीएम ने इसके लिए विभाग को एक्शन लेने के आदेश दिए हैं। सीएम ने रिव्यू में जांच और अपील के दो मामलों में आरोपी अफसरों को बरी कर दिया, उनके खिलाफ सबूत नहीं थे। सीएम ने कार्मिक विभाग के स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई और अभियोजन स्वीकृति के मामलों को जल्दी निपटाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने हर विभाग में अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही और करप्शन के मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के पैंडिंग रिपोर्ट मांगी है। सीएम ने विभाग अफसरों के खिलाफ पैंडिंग मामलों की 30 जून 2024 तक के स्टेटस की रिपोर्ट जुलाई के पहले सप्ताह तक भेजने को कहा है। सीएम ने सरकारी विभागों के खिलाफ अदालतों में पैंडिंग चल रहे मुकदमों में प्रभावी तरीके से पैरवी करने के निर्देश दिए। सीएम ने अफसरों को पैंडिंग केस की लगातार मॉनिटरिंग करने के साथ विभागों के साथ कॉर्डिनेशन बनाने को कहा है।

## जब भगवान ने मुझे बनाया तो उन्होंने मेरे अंदर बड़ी चिप ही डाली, मैं कभी छोटा नहीं सोच सकता: पीएम

राजस्थान की राजनीति



**मुंबई।** जब भगवान ने मुझे बनाया तो उन्होंने मुझमें छोटी नहीं ब्लकि बड़ी चीप लगाई। इस वजह से मैं कभी छोटा नहीं सोच पाता। यह कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। महाराष्ट्र के लातूर में अपने महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ओलंपिक, पैरा ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों सहित अन्य खेलों में भारतीय खिलाड़ी दशकों पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सपना है कि भारत 2029 में यूथ ओलंपिक की मेजबानी करे। मेरा सपना है कि भारत 2036 में ओलंपिक आयोजित करे। 26/11 आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें केवल पाकिस्तान को फाइल ही भेज पाती थी। आज हम अपने दुश्मनों को उनके ही देश में घुस कर मार रहे हैं। 2014 से पहले रेलवे स्टेशन, बस अड्डे सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लावारिस वस्तुओं से दूर रहने की चेतावनी 24 घंटे दी जाती थी लेकिन अब वो लावारिस वस्तुएं कहां चली गई। उस समय के अखबारों में आए दिन बम धमाकों की खबरें छपती थीं लेकिन पुलिस उन खतरों का सामना करने के लिए तैयार ही नहीं थी लेकिन भारत आज हमारी सीमाओं पर टेढ़ी नजर रखने वालों गो कड़ा जवाब देता है। इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी मैं एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहजादे बीमार हो जाते हैं। वे कहते हैं कि मैं क्यों भारत की बात करता हूं। देश को टुकड़ों में बांटने का सपना देखने वाले नेता प्रधानमंत्री की कुर्सी भी बांटना चाहते हैं। उनकी योजना है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री, जिसका मतलब साफ है- देश को बारी-बारी से लूटना। क्या आप वैश्विक अशांति के मौजूदा दौर में अपने देश को अनिश्चितता में डाल सकते हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि वे आपकी मेहनत से कमाई गई संपत्ति को लूटने की अनुमति देंगे।

## नगर पालिका प्रशासन ने प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ चलाया अभियान



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नगर पालिका प्रशासन ने मंगलवार को एक विशेष टीम गठित कर कस्बे को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु टीम गठित कर विशेष अभियान चलाया गया अभियान को देखते हुए दुकानदारों में हड़कंप सा मच गया जहां दुकानदारों ने प्लास्टिक कैरी बैग को इधर-उधर छुपा कर रख दिया जहां अभियान के दौरान 41 किलो कैरी बैग्स को जब्त कर पॉलिथीन के स्थान पर जूट व कागज से बने थैले का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान अधिशाषी अधिकारी दीपा यादव, सफाई निरीक्षक बलवंत सिंह, सफाई जमादार बिजेंदर, पवन कुमार, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह,व्यास, आशीष रंजीत कुंतल, सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध गांजा जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

## गिरफ्तार आरोपी से करीब चार किलो अवैध गांजा किया जब्त

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** लखनपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के गांव छतरपुर से अवैध गांजा जब्त कर एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार छतरपुर निवासी रुस्तम पुत्र बिजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी छतरपुर लालपुर के बीच सड़क पर अवैध गांजा लेकर खड़ा हुआ। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में लिया। बाद में आरोपी से करीब चार किलो अवैध गांजा बरामद होने पर पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

परीक्षा देने गई युवती लापता, मामला दर्ज- उधर, क्षेत्र के गांव बैलारा स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में परीक्षा देने गई युवती लापता हो गई। युवती के लापता होने पर युवती के पिता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार युवती 26 अप्रेल को राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा देने गई। जो कि, बाद में अपने घर नही पहुंची। युवती को घर नही पहुंचने पर युवती के पिता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

## पशु चिकित्सालय में उपचारत गोवंश को अवैध रूप से अन्यत्र शिफ्ट करने पर गो भक्तों ने जताया रोष

### पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक सहित एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम व नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत करवाया मुकदमा दर्ज

राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेन्द्र गौत्तम।** गौ भक्तों ने पशु चिकित्सालय परिसर से उपचारत गौवंशों को प्रशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करते हुए पशुपालन विभाग, बून्दी के स्टॉफ व गौशाला कर्मचारियों द्वारा अनाधिकृत वाहन में बिना किसी अनुज्ञा-पत्र, बिना किसी इजाजत के क्रूरतार्पूक परिवहन कर नियम विरूद्ध नगर परिषद की सीमा से बाहर ले जाने के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग को लेकर सिटी कोतवाली थाना पुलिस को रिपोर्ट सौंपी है। गोभक्त रामबाबू श्रृंगी ने बताया कि वह सोमवार दोपहर को पशु चिकित्सालय बून्दी में गौवंशों की सेवा कर रहा था। तभी पशुपालन विभाग के कार्यवाहक संयुक्त निदेशक डॉ रामलाल मीणा, डॉ शंकर लाल मीणा, डॉ राजीव सेना, एल.डी.सी. कंवर सिंह, नरेन्द्र राठौर, सत्येन्द्र, श्वेता, नीतू शर्मा, सुनीता सेन व गौशाला के कर्मचारी रमेश गुर्जर, पप्पूलाल मेघवाल, रामलाल मेघवाल, रामप्रसाद, जगदीश व अन्य लोगों द्वारा मिलकर एक राय, एक इरादे से बड़ा रामद्वारा गौशाला, श्योपुरिया की बावड़ी बूदी से ट्रेक्टर ट्रोली, लोडिंग वाहन मंगवाकर चिकित्सालय परिसर में उपचारत गौवंशों को जबरन, क्रूरतापूर्वक डालकर बड़ा रामद्वारा गौशाला व अन्यत्र ले गये। गो सेवकों ने कहा कि पशु चिकित्सालय स्टॉफ व गौशाला कर्मचारियों का यह कृत्य अनुशासनहीनता है तथा नगरपालिका अधिनियम 2009 के अनुसार कोई भी चौपाया पशु या पक्षी को अधिग्रहण हेतु नगरपालिका अधिकारी के निर्देश पर ही परिवहन किया जा सकता है तथा नगरपालिका क्षेत्र में नियत स्थान पर ही ऐसे पशु-पक्षियों को रखा जा सकता है। गोभक्तों ने कहा कि पशुपालन विभाग बून्दी व गौशाला संचालक, कर्मचारियों का यह कृत्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, नगरपालिका अधिनियम 2009 तथा राजस्थान मोटरयान अधिनियम 1990 का सरासर उल्लंघन है तथा आपराधिक कृत्य है। जिसके लिए पशुपालन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों व गौशाला के कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है। ताकि भविष्य में गोवंश एवं अन्य पशुओं के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार नहीं किया जाए।

उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग के पत्रांक 2014/32919 दिनांक 30.12.2015 के अनुसार पशु परिवहन में लाये जाने वाले यान/वाहन भारतीय मानक ब्यूरों 1514904-2007, 155236/1982, 155238/2001 के अनुसार होगे तथा किसी भी पशु का परिवहन बिना अनुज्ञाधारक वाहन नहीं कर सकता। बिना अनुज्ञा-पत्र वाहन स्वामी/वाहन चालक के विरूद्ध राजस्थान मोटरयान अधिनियम 1990 के तहत कार्यवाही की जा सकती है। जिला परिवहन अधिकारी, बून्दी के पत्र कमांक 1714/29.09.2016 के अनुसार बून्दी जिले में किसी भी वाहन को पशु परिवहन हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।

### कोटकासिम थाना पुलिस की वांचित अपराधियो के खिलाफ कार्यवाही

## जानलेवा हमला व घर में घुसकर मारपीट करने सहित अलग-अलग प्रकरणो में तीन आरोपियो को किया गिरफ्तार

राजस्थान की राजनीति



**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने वांचित अपराधियो के खिलाफ धरपकड अभियान के तहत मंगलवार को जानलेवा हमला, घर में घुसकर मारपीट करने सहित अलग-अलग प्रकरणो में लिप्त तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाईक को भी जप्त किया है। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2023 को शुभम शर्मा पुत्र नरेन्द्र कुमार ने पुलिस थाने में मारपीट का मामला दर्ज कराया था। वही दूसरी घटना ने 30 अप्रैल 2023 को राकेश पुत्र सुरेश ने मामला दर्ज कराया था की रात के 9 बजे रिश्तेदार के घर गया हुआ था। वहा एकराय होकर मनमोहन व संदीप पुत्रान बलबीर व कलगांवा निवासी सतीश सहित 10 से 15 लोगो ने लाठी डंडो से एकराय होकर मारपीट की तथा घर के बाहर फायरिंग की और पत्थर बरसाये। थाना अधिकारी नन्दलाल जांगिड के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा धरपकड अभियान के तहत आरोपियो की इलाका थाने व गैर इलाके थाने में सूचना तंत्र के माध्यम से गुप्त जानकारी लेकर राजकुमार उर्फ राजू पुत्र करताराचंद जाति पंजाबी उम्र 6 7 वर्ष निवासी झडझीला, दौलतराम पुत्र बाबूलाल जट पंजाबी उम्र 42 निवासी झडझीला, जीतू उर्फ जितेन्द्र उर्फ गोगड पुत्र दुलीचंद यादव उम्र 24 वर्ष निवासी पाटन अहीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ के दौरान गिरफ्तार मुल्जिमान से घटना में फरार शातिर आरोपियो की तलाश जारी है तथा मारपीट के मामले में आरोपी जितेन्द्र से सरिया व वारदात में काम ली गई बाईक को भी जप्त किया गया है।

## चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर को किया सम्मानित

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर को साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं श्री बांकेबिहारी जी का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से भी डॉ. गौरव कपूर का माला,साफा, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनके दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि डॉ. गौरव कपूर, वर्तमान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हैं। एक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, साथी चिकित्सकों को निर्देश देने, अपने कर्मचारियों को स्वास्थ्य देखभाल नियमों पर, अद्यतन रखने और कार्यकारी नेतृत्व और स्वास्थ्य देखभाल टीमों के बीच संपर्क के रूप में कार्य करने के लिए जिम्मेदार होता हैं। आपकी इसी कार्य क्षमता को देखते हुए, विभाग द्वारा आपको यह दायित्व सौंपा गया है। आप समाजसेवी, ईमानदार एवं समर्पित भावना से ओतप्रोत व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। डॉ. गौरव कपूर ने उपस्थित शुभचिंतकों को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में इसी तरह योगदान देते रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक आलोक शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष सुशील पाराशर, कैला देवी ट्रस्ट के सदस्य बृजकिशोर शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ के वैद्य गिरीश शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, सेवानिवृत्ति अमीन रामेश्वरदयाल शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता देवकीनंदन शर्मा, पार्षद पुत्र अमित गौरावर, समाजसेवी मनीष तिवारी, शिक्षाविद वैभव उपमन, वरिष्ठ पत्रकार हरीश पाठक, समाजसेवी अशोक शर्मा सारस सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### तू आज कफन में क्यों सोया.....

## नरदेव बेनीवाल की रागिनी ने ग्रामीणों का मन मोहा

### धीरज बाबा के जयकारे से मेला का समापन

### रोहतक के कल्लू गुर्जर ने जीती वाइक

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** श्री धीरज बाबा मेला कमेटी,ग्राम पंचायत एवं गांव की समस्त सरदारी की ओर से गांव पथैना में चल रहे तीन दिवसीय श्री धीरज बाबा का मेला मंगलवार को धीरज बाबा,महाराजा सूरजमल एवं ठाकुर सार्दल सिंह आदि के जयकारे और हरियाणा के रागिनी गायक नरदेव बेनीवाल की रागिनी कार्यक्रम के साथ हुआ। हरियाणा के रागिनी गायक-गायिकाओं ने देषभक्ति,राजा-महाराजा,सामाजिक और राजनेताओं पर हास्य,ओजस्वी,करूणा रस में प्रसंग व गीत सुनाए और साथ ही लोकगीत व चुटकूले के प्रस्तुतियां देकर ग्रामीणों को भावविभोर क उनका मन मोह लिया। हरियाणा के रागिनी गायक नरदेव बेनीवाल एवं उनके अन्य गायक-गायिकाओं ने भरतपुर रियासत के संस्थापक महाराजा सूरजमल व उनके वंषज सहित पथैना के संस्थापक ठाकुर सार्दुल सिंह व धीरज बाबा आदि की वीरता के किस्से गीत के माध्यम से सुनाए। जिनकी धीरज बाबा के लगाए धोक अब हमारी सुन ले हमारी,धन्य मां जिसे तूने जन्म दिया अब कर रहो पथैना का उद्धार,तू आज कफन में क्यो सोया,सच्चे हिन्दुस्तानी सब खडे ठोक के आदि सुनाए। वही हास्य लोकगीत व चुटकुले सुना कर सभी श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। मेला कमेटी सदस्य मोरध्वज सिंह व बाबा के सेवक ठाकुर अतर सिंह सिपाही ने बताया कि मेला कमेटी एवं गांव के सर्व समाज के द्वारा 311 वां धीरज बाबा का मेला लगाया गया,मेले के तहत धीरज बाबा की पूजा-अर्चना,षोभायात्रा,खेलकूद प्रतियोगिता, घोडा-घोडी,ऊंट-ऊटनी दौड,कबड्डी,पुरूष दौड,भजन-जिकरी,कुष्ती दंगल,रागिनी गायन आदि कार्यक्रम हुए। मेला के अन्तिम दिन हरियाणा के विष्वविख्यात रागिनी गायक नरदेव बेनीवाल एवं उनके अन्य साथियों ने रागिनी सुनाई। वही रागिनी कार्यक्रम से एक दिन पहले जिकरी दंगल हुआ,जिसमें अलीगढ, इसरोता, मथुरा, भरतपुर, हाथरस आदि स्थान के गायक-गायिकाओं ने हास्य, ओजस्वी, करूणा रस में रामायण, महाभारत, गीता,राजा-महाराजा, षहीद आदि के प्रंसग तथा लोकगीत व चुटकुले सुना कर ग्रामीणों को लोटपोट कर दिया। मेले में ठाकुर पुरूषोत्तम सिंह,सरपचं प्रतिनिधी बृजेष कुमार, उद्योगपति षक्ति सिंह,सुमरन सिंह,दामोदर पहलवान,राजूराजा,अत्तर सिंह,तेज सिंह,रमेष बाबा, अशोक सिंह, शिवओम गुप्ता,गजेन्द्र सिंह,रॉकी सिंह,हरभजन धोबी तथा मेला कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र सिंह कटैला व अन्य सदस्य आदि का सहयोग रहा।

### वायरल ने नही आने दिया

मेला कमेटी सदस्य मोरध्वज सिंह ने बताया कि पूर्व केबिनेट मंत्री व डीग-कुम्हेर के पूर्व विधायक विष्वेन्द्र सिंह कुष्ती दंगल के मुख्य अतिथि थे,जिनकी 28 अप्रेल को अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण 29 अप्रेल को गांव पथैना के मेले में नही आ सके। उनका फोन पर आए सन्देष को गांव के लोगों सहित स्टेडियम में उपस्थित दर्षकों सुनाया गया। वही गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम के परिवार में गमी होने के कारण मेले में नही आए। इस साल मेले के अतिथि केबिनेट मंत्री डॉ.किरोडी लाल मीणा,राजस्थान विष्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी,वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली,पूर्व सांसद व भरतपुर लोकसभा के रहे भाजपा प्रत्याषी रामस्वरूप कोली,पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल,पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीष मीणा बौराज,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेष उपाध्यक्ष सतेन्द्र पथैना आदि रहे। वही नदबई विधायक कुं.जगत सिंह,डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ.षैलेष सिंह निजी कार्य में व्यस्त होने के कारण नही आ सके।

### कल्लू गुर्जर ने जीती मोटर साईकिल

मेला कमेटी सदस्य मोरध्वज सिंह व राजूराजा ने बताया कि कुष्ती दंगल में पहली बार मोटर साईकिल की कुष्ती कराई गई,जो कुष्ती रोहतक के पहलवान कल्लू गुर्जर ने जीती। जबकि एक लाख व गुर्ज की आखिरी कुष्ती मोहित पलवल एवं अजय गुर्जर के मध्य हुई,जो कुष्ती बराबर रही। दोनो को संयुक्त विजेता घोषित कर 50-50 हजार रू0 की राषि पुरूस्कार में दी गई। उन्होने बताया कि जिकरी दंगल में मलोनी निवासी गायक भूपेन्द्र सिंह ने प्रथम तथा जट्टारी निवासी पूजा चौधरी,नदबई निवासी लक्ष्मी कुमारी,हाथरस निवासी विमलेष चौधरी,षीकमेहला निवासी लुढकन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कमेटी के द्वारा जिकरी विजेता को 15 हजार रूपए व षील्ड तथा द्वितीय रहे सभी विजेताओं को 5100-5100 रूपए व षील्ड पुरूस्कार में दिया गया।

## बीनावाला में किशोर ने घर में फंदा लगाकर की खुदखुशी



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा जिले के सैंथल थाना अंतर्गत बिनावाला में एक किशोर ने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन किशोर को लेकर दौसा जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने किशोर की जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया।शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया। जहां पर पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों के सुपूर्द कर दिया। मृतक राहुल मीणा के पिता कैलाश मीणा ने बताया कि राहुल ने अभी 12वी कला वर्ग की परीक्षा दी है। और वो कोचिंग से आकर खाना खाया रहा था उसकी छोटी बहन उससे दुबारा रोटी देने गई तो राहुल फंदे से लटका मिला। बहन के चिल्लाने पर परिजन कमरे में पहुंचे। राहुल को नीचे उतार जिला स्ताल आये जहा चिकित्सको ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। सैंथल पुलिस थाना अधिकारी घासीलाल ने पंचनामाकरा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वही पुलिस जांच में जुट गई है।

## शासन सचिव की अध्यक्षता में जिले के समेकित बाल विकास सेवाओं तथा महिला अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** महिला एवं बाल विकास विभाग शासन सचिव डा॰ मोहनलाल यादव की अध्यक्षता में जिले के समेकित बाल विकास सेवाओं तथा महिला अधिकारिता विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को हुआ।

महिला एवं बाल विकास विभाग शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव ने विभागीय कार्यो को शत-प्रतिशत डिजिटल मोड में करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में दौसा जिले द्वारा 2023-24 में की प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए समस्त डीबीटी योजनाओं का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग को महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु कार्यक्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में आईसीडीएस उपनिदेशक विजय कुमार, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ऋषिराज सिंघल, जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षक उपस्थित रही।

### जयपुर में एक ज्वेलर्स पर इनकम टैक्स की छापेमारी

## फर्जी कंपनियों के जरिए सोने-चांदी का कारोबार कर रहे, सट्टे से जुड़े कागज मिले

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** इनकम टैक्स टीम ने मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे तीन राज्यों में एक ज्वेलर्स ग्रुप पर छापेमारी की। छापेमारी के बाद ज्वेलरी कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जयपुर में ग्रुप के घर और शोरूम में सर्च किया गया। साथ ही सर्च के दौरान सट्टे से जुड़े कागज भी मिले हैं। आयकर से मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता में कई फर्जी कंपनियों के जरिए ये लोग सोने और चांदी का कारोबार कर रहे थे। टैक्स चोरी को लेकर भी कई जानकारी थी। टीम को इस सर्च में क्या मिला यह अभी तक सामने नहीं आया है। आयकर अधिकारियों का कहना है कि उनकी कई टीमें हैं।

### सट्टे से जुड़े कागज मिले

सूत्रों के अनुसार, मामला हवाला और मटका (सट्टा) कारोबार से भी जुड़ा है। सर्च के दौरान आईटी की टीम को संचालकों के कई लॉकर की जानकारी मिली है। इसके आधार पर आईटी की टीमों ने लॉकर को सील कर दिया है। इनकी आने वाले समय में जांच होगी। वहीं, आईटी टीम के पास जानकारी है कि पिछले कुछ समय से सोने के बढ़े हुए दामों के कारण प्रोफिट बढ़ा है। इनके द्वारा जो टैक्स चुकाया गया, वह वह प्रोफिट के अनुसार टैक्स नहीं है।

### तीन राज्यों में 20 से ज्यादा जगह चल रहा सर्च

तीनों राज्यों में करीब 20 से अधिक ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है। जयपुर में 13, दिल्ली में 3, कोलकाता में 4 जगहों पर आईटी की सर्च किया।

### 250 मकान टूटेंगे

## न्यू सांगानेर रोड से वंदेमातरम रोड तक जाने वाली सड़क 100 फीट चौड़ी होगी, 250 मकान टूटेंगे

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** न्यू सांगानेर रोड से वंदेमातरम रोड तक जाने वाली सड़क तय चौड़ाई के अनुसार ही बनेगी। करीब 2.5 किमी लम्बी यह सेक्टर रोड वंदेमातरम से सेंट टेरेसा स्कूल तक करीब 1 किमी लम्बी और 50 फीट चौड़ाई में बनी है। इसकी चौड़ाई बढ़ाने के लिए जेडीए प्रवर्तन शाखा ने 24 कॉलोनियों के 250 मकानों को नोटिस दिया है। अतिक्रमियों को हटाने के बाद जेडीए इंजीनियरिंग विंग जल्द की काम शुरू करेगी। इससे पहले जमीन उपलब्ध नहीं होने से सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा था। इस दौरान 25 कॉलोनियों का जेडीए नियमन भी कर चुका है। हालांकि जेडीए पहले भी इस सड़क की चौड़ाई के लिए 5 साल पहले भी नोटिस दे चुका है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सड़क बनने से पीआरएन साउथ में हीरापथ न्यू सांगानेर रोड से वन्देमातरम तक जाने के लिए राह आसान हो जाएगी।

### इन कॉलोनियों में टूटेंगे निर्माण, नोटिस दिया

उत्तम नगर, श्रीराम नगर, सुमेर नगर एक्सटेंशन, रघु विहार, कृष्णा विहार एक्सटेंशन, शंकर वाटिका, सुमेर नगर, श्रीराम कॉलोनी, सूरज वाटिका, बालाजी नगर, कैलाशपुरी, कृष्णा विहार, कृष्णा विहार ए, बी, श्री गोपालनगर, शिव वाटिका, सुखिजा विहार एक्सटेंशन, चौपड़ा एन्क्लेव, बाबू नगर, शिव वाटिका सी, गणपति एन्क्लेव में रोड सीमा में आ रहे 250 मकान-दुकान हटाने के लिए नोटिस दिया।

# दलित दूल्हे की बिंदौरी पर पथराव, पुलिस के सामने पत्थरबाजी कर डीजे के शीशे तोड़े

## पुलिस सुरक्षा में दोबारा घोड़ी पर बैठाया

**झालरापाटन**

दलित दूल्हे की बिंदौरी में कुछ लोगों ने पुलिस के सामने पथराव कर दिया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद तीन लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। पथराव की घटना में डीजे की पिकअप का शीशी भी टूट गया। मामला झालावाड़ जिले के झालरापाटन सदर थाना क्षेत्र के बोरदा गांव में सोमवार रात 11 बजे का है। इसके बाद बिंदौरी को रोक दिया गया। मंगलवार दोपहर को करीब 150 पुलिस जवानों की मौजूदगी में दूल्हे ने हाथ में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर हाथ में लेकर बिंदौरी निकाली। दूल्हा राम लखन (23) झालावाड़ के मेडिकल कॉलेज में वॉर्ड बॉय है।



## सात थानों के 150 जवान तैनात

बिंदौरी के दौरान हमले की आशंका को चलते गांव में करीब 150 पुलिस के जवान तैनात है। मौके पर झालावाड़ एएसपी चिरौंजी लाल मीणा, डीएसपी हर्सराज सिंह खरेड़ा, सदर और कोतवाली थानाधिकारी S H O और पुलिस जवानों समेत सुनेल, असनावर, रटलाई, बकानी और रायपुर थाने के पुलिस तैनात है।

## *सोमवार को मांग ली थी सुरक्षा, इसके बाद भी किया पथराव*

*झालावाड़ डीएसपी हर्ष सिंह खरेडा ने बताया कि राम लखन के प?रिवार को अंदेशा था कि बिंदौरी में अनहोनी हो सकती है। ऐसे में सोमवार को परिवार ने सदर थाना पहुंच सुरक्षा मांगी और शाम को निकासी के दौरान सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसी बीच रात में जैसे ही बिंदौरी गांव के गुर्जर मोहल्ले से निकली तो वहां छिप कर बैठे बकानी थाना क्षेत्र के गांव नागौर निवासी बलवंत गुर्जर (27), सदर थाना क्षेत्र के गांव बोरदा निवासी गोवर्धन गुर्जर (36) व लक्ष्मी नारायण गुर्जर (65) ने पथराव शुरू कर दिया।एक बार के लिए मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। पुलिस मौके से ही तीनों को हिरासत में लिया। झालावाड़ डीएसपी हर्ष सिंह खरेडा ने बताया कि दूल्हे राम लखन ने मंगलवार दोपहर को फिर से निकासी निकालने की मांग की थी। गांव में चार थानों के करीब 150 पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में दोपहर 2 बजे गांव में बिंदौरी निकाली गई। गांव में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। हिरासत में लिए तीन बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद गांव के कुछ लोगों का कहना है कि गांव में मेघवाल और गुर्जर समाज के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है।*

## जहरीली फली खाने से 26 पशुओं की मौत, पशुपालक का रो-रो कर बुरा हाल

**पाली**

पाली में खेत में चर रही भेड़-बकरियों की जहरीली फलियां खाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर जेतपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। जेतपुर थानाप्रभारी राजेन्द्रसिंह ने बताया कि घटना सोमवार को थाना क्षेत्र के गोदावास-डरी गांव रोड पर हुई। यहां एक खेत में गोदावास गांव निवासी पशुपालक भानाराम पुत्र सोनाराम देवासी की भेड़-बकरियां चर रही थी। इस दौरान अरंडी की फलियां खाने से कई मवेशी अचेत होकर गिर गए। पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाया। जिन्होंने जांच के बाद 24 भेड़ और 2 बकरियों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ 26 पशुओं की अकाल मौत से पशुपालक भानाराम का रो-रो कर बुरा हाल था। बोला कि इन पशुओं के भरोसे उसका घर चलता था। पशुओं की अकाल मौत होने से उसे काफी नुकसान हुआ। अब वह घर खर्च कैसे चलाएंगा। इस पर साथी पशुपालकों ने उसे सांत्वना दी।



## महिला को जलाकर मारा था, 2 को उम्र कैद, हड्डियों से डीएनए मैच कर पहचान हुई थी

**अजमेर**

महिला की तेजाब डालकर निर्मम हत्या के मामले में अजमेर की महिला उत्पीड़न कोर्ट ने 2 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 24 गहवा और 35 दस्तावेज पेश किए। दोनों आरोपियों ने 2014 में मंदसौर जिले के घने जंगलों में जाकर तेजाब डालकर महिला की निर्मम हत्या कर दी थी। सरकारी वकील अशरफ बुलंद खान ने बताया कि सितंबर 2014 में नगेलाओ गांव में रहने वाले कालू गुर्जर ने अपनी प%ी काली देवी (22) की गुमशुदगी की शिकायत पीसांगन थाने में दी थी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी थी। वहीं, महिला काली देवी के पिता पहलाद को इस दौरान जानकारी मिली कि अर्जुन नाम का व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पिता की ओर 29 सितंबर 2014 को भी थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया। पिता की शिकायत पर इन्वेस्टिगेशन करते हुए पुलिस रावतभाटा पहुंची और अक्टूबर 2014 में अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसके भाई को भी जगदीश को गिरफ्तार कर लिया था। सरकारी वकील ने बताया कि इस दौरान पुलिस पूछताछ में अर्जुन ने पुलिस को बताया कि उसने जगदीश के साथ मिलकर काली देवी की तेजाब डालकर हत्या कर दी थी। पुलिस टीम आरोपी अर्जुन को लेकर मंदसौर जिले के घने जंगलों में पहुंची तो वहां महिला काली देवी की हड्डियां बरामद हुई। साथ ही तेजाब का जरीकेन और कपड़े भी बरामद हुए। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया था। महिला की पहचान को लेकर मौके से मिली हड्डियों को परिवार के डीएनए से भी मैच कराया था। जिसके बाद महिला की पहचान हुई थी। सरकारी वकील अशरफ बुलंद खान ने बताया कि मंगलवार को अजमेर की महिला उत्पीड़न कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में 23 गवाह और 35 दस्तावेज किए गए। इसके साथ ही आरोपियों के कपड़ों पर मिले तेजाब और शरीर पर मिले 18 से 20 दिन पुरानी तेजाब से जली चोट को एफएसएल रिपोर्ट में हुई पुष्टि हुई। जिसके बाद जज ने अर्जुन उर्फ कालू (35) सहित जगदीश (35) को उम्र कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने पिता और पति को सहायता राशि देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनुशंसा की है।

## अविवाहित बताकर बीएड कॉलेज में लिया दाखिला, पति का आरोप-धोखाधड़ी कर बनाए फर्जी दस्तावेज

**अजमेर**

अजमेर के बीएड कॉलेज में फर्जी दस्तावेज से एडमिशन लेने का मामला सामने आया है। पति का आरोप है कि महिला ने खुद को अविवाहित बताते हुए धोखाधड़ी की है। जबकि आरोपी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना व घरेलु हिंसा के मामले कोर्ट में लम्बित है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव कॉलोनी, नदी मार्ग, कुंदन नगर, अजमेर निवासी सुदर्शन सिंह रावत ने बताया कि 7 मई .2019 को उसका विवाह काछबली, तहसील भीम, जिला राजसमंद निवासी विमला चौहान के साथ हुआ। विमला ने उस के खिलाफ दहेज क्रूरता तथा घरेलू हिंसा के प्रकरण दर्ज कराए। जो मामले कोर्ट में लम्बित है। 5 वर्षों से विवाहित होने के बाद भी धोखाधड़ी कर अपने आप को अविवाहित बताते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार किए। वर्ष 2021 में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा बी. एड. करने के लिए P.T.E.T. परीक्षा में आवेदन किया। अपने आपको अविवाहित होने का आवेदन पत्र के साथ घोषणा पत्र भी दिया। परीक्षा में पास हुई तथा बतौर अविवाहित मां सरस्वती महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, भोपो का भाड़ा, अजमेर में बी.एड. कर रही है।. बी.एड का प्रथम वर्ष भी उसने अपने आपको अविवाहित बता कर ही पास किया है। वह महाविद्यालय से बी.एड. द्वितीय वर्ष कर रही है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई रामनिवास को सौंपी है।




## रेस्टोरेंट में अंधाधुंध फायरिंग, मालिक और ग्राहक को लगी गोली

**धौलपुर**

रेस्टोरेंट में खाना खाकर पैसे नहीं देने पर संचालक और बदमाशों के बीच विवाद हो गया। गुस्साए आरोपियों ने देसी रिवॉल्वरों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में रेस्टोरेंट के मालिक और एक ग्राहक को गोली लगी है। फायरिंग के बाद आरोपियों ने पूरे स्टाफ और वहां मौजूद कई ग्राहकों पर लाठी-डंडों से भी हमला किया तोड़फोड़ की। करीब आधा घंटे तक उत्पात मचाने के बाद बदमाश दो गाड़ियों में वहां से फरार हो गए। घटना धौलपुर के सैंपऊ थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 बजे की है। थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि घटना नेशनल हाईवे-123 पर राजपूत रेस्टोरेंट में हुई। सिंह ने बताया कि सोमवार रात 9 बजे बोलेरो समेत दो गाड़ियों में भरकर आए 20 लोगों ने खाना खाया। इसके बाद जब उन्हें रेस्टोरेंट मालिक रम्भो परमार (28) ने बिल दिया तो वे बिना पैसे दिए जाने लगे। इस पर संचालक और बदमाशों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपियों ने 30 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर दी। इसमें रम्भो और वहां खाना खाने आए एक ग्राहक बबलू शर्मा (26) गोली लगने से घायल हो गए। आरोपियों ने रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की और फरार हो गए। हमले के दौरान रेस्टोरेंट में स्टाफ सहित 20 से ज्यादा लोग मौजूद थे। घटना के बाद स्थानीय थाना पुलिस पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने रेस्टोरेंट पर मौजूद कर्मचारियों से पूरी घटना की जानकारी ली है।



### कोटा में नीट स्टूडेंट फंदे पर लटका

## सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी पापा, इस बार भी मेरा सिलेक्शन नहीं हो पाएगा, 5 मई को एग्जाम था

**कोटा**

कोटा में नीट की तैयारी करके कोचिंग स्टूडेंट ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें लिखा- 'सॉरी पापा, इस बार भी मेरा सलेक्शन नहीं हो पाएगा।' स्टूडेंट धौलपुर का रहने वाला था। वह भांजे के साथ जवाहर नगर के तलवंडी प्राइवेट सेक्टर में एक मकान में पीजी में रहता था। घटना मंगलवार सुबह 11 बजे की है। पुलिस ने बताया सुसाइड करने वाला स्टूडेंट भरत राजपूत (20) है। भरत के भांजे रोहित ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब दस बजे वह कटिंग करवाने के लिए बाजार गया था। तब उसका मामा भरत सोकर उठा था। वह कुछ देर में आने की बात कहकर निकला था। करीब 11 बजे वह वापस आया। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उसने कई बार भरत को आवाज लगाई, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो मकान मालकिन मंजू को बताया। इसके बाद उन्होंने खिड़की से देखा तो भरत फंदे पर लटका हुआ था। उसने चद्दर से फंदा लगा लिया था। यह देख मकान मालकिन ने आस-पास के लोगों को सूचना दी। सूचना पर आस-पास रहने वाले कोचिंग छात्र पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची । छात्र भरत के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि 'सॉरी पापा, इस बार भी मेरा सलेक्शन नहीं हो पाएगा।' रोहित ने बताया कि पांच मई को उनका एग्जाम था। रोहित ने बताया कि भरत नीट की तैयारी कर रहा था। इस साल उसका तीसरा अटेम्प्ट था। पहले दो साल उसने कोटा में ही रहकर तैयारी की, लेकिन उसका सिलेक्शन नहीं हो सका। ऐसे में तीसरी साल फिर वह तैयारी करने आया था। रोहित भी दो साल से कोटा में तैयारी कर रहा है, यह उसका दूसरा साल था। रोहित ने बताया कि पढ़ाई को लेकर कोई टेंशन की बात कभी नहीं हुई। न ही भरत ने कभी कोई ऐसी बात की। रोहित के अनुसार भरत की पढ़ाई भी ठीक चल रही थी। कोचिंग टेस्ट में भी उसके ठीक-ठाक नंबर आ रहे थे। सोमवार रात को भरत मोबाइल देख रहा था। पढ़ाई के बाद मोबाइल कुछ देर देखा और उसके बाद सो गया था। सुबह नौ बजे करीब वह उठा था। सरकारी डेटा के अनुसार भारत में साल 2021 में सबसे ज्यादा 13,000 सुसाइड हुए हैं। ये साल 2020 के डेटा से 4.5% ज्यादा हैं। इसके साथ ही पिछले साल यानी 2023 में 29 स्टूडेंट्स ने कोटा में सुसाइड किया था, जो कि 10 सालों में सबसे ज्यादा है। इस साल की शुरुआत से अब तक 3 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। इसमें 2 स्टूडेंट यूपी और 1 राजस्थान से था। इसमें राजस्थान की जो स्टूडेंट शामिल थी, उसका दो दिन बाद ही JEE मेंस एग्जाम था।




## पत्नी को भगाने वाले डिलीवरी बॉय की सिर फोड़कर हत्या, पति ने 15 दिन रेकी की, भागा तो पीछा कर पकड़ा

### समाज में हुई बेज्जती का बदला लेना चाहता था

**कोटा**

4 महीने पहले प%ी को भगा ले जाने वाले गांव के ही युवक की पति ने डंडे से सिर फोड़कर हत्या कर दी। वो 15 दिन तक उसकी रेकी करता रहा। हत्या में पति ने अपने दोस्त को भी शामिल किया। मौका लगते ही उसने समाज में हुई अपनी बेज्जती का बदला ले लिया। मामला कोटा के विज्ञान नगर थाने का 22 अप्रैल का है। इसमें पति को पुलिस ने 2 दिन बाद 24 अप्रैल को हिरासत में लिया था। उसके साथ ही को सोमवार शाम ईदगाह बस स्टैंड आगरा (यूपी) से गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार दोपहर मामले का खुलासा किया। विज्ञान नगर थाना S।ह सतीश चंद ने बताया- भगवान मीणा (27) डिलीवरी का काम करता था। 22 अप्रैल की रात को आईएल चौराहे के पास वाली कॉलोनी के सुनसान इलाके में उसका शव मिला था। उसके सिर व मुंह से खून बह रहा था। परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर 24 अप्रैल को कोटा रेलवे स्टेशन ने मुख्य आरोपी योगेश मीणा (25) और नवीन मीणा (26) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में सामने आया- वारदात से पहले योगेश और नवीन लगातार भगवान की रेकी कर रहा था। घटना वाले दिन योगेश को पता चला कि भगवान, आनंद शेखावाटी होटल से ऑर्डर लेकर निकला है। दोनों ने प्लान बनाया कि आज उसकी हत्या करनी ही है। इसके बाद योगेश नवीन एक अन्य साथी के साथ आनंद शेखावाटी पहुंचे। जैसे भगवान वहां से ऑर्डर लेकर निकला तो तीनों ने उसका पीछा किया। सुनसान जगह देख भगवान को रुकवाया। इनको देख भगवान माजरा समझ गया और बाइक वहीं छोड़ पैदल भागने लगा। इधर, नवीन उर्फ बिट्टू ने वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार को चाकू दिखाकर उससे लिफ्ट ली और भगवान का पीछा करने को कहा। आगे 300-400 मीटर पर जाकर भगवान को पकड़ लिया। थोड़ी देर बाद योगेश और नवीन ने भगवान को पकड़ लिया और डंडे से सिर पर वार किया। ये लोग वारदात के बाद भगवान की बाइक भी साथ ले गए थे। पुलिस ने भगवान की बाइक, हत्या में काम मे लिया डंडा जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया- करीब 4 महीने पहले योगेश ने बपावर कला थाने में प%ी की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। भगवान मीणा योगेश की प%ी को भगाकर ले आया था। इससे योगेश उसकी हत्या की फिराक में था। हालांकि, उस वक्त दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था और योगेश की प%ी वापस उसके पास आ गई थी। लेकिन, योगेश मन ही मन समाज में बदला लेना चाहता था। भगवान् के बड़े भाई लक्ष्मीनाथ (30) ने बताया- भगवान शादीशुदा था और अपनी प%ी व दो बच्चों के साथ कोटा में रह रहा था। 22 अप्रैल की रात 9 बजे करीब थाने से सूचना मिली थी। भगवान आईएल के पास बनी नई कॉलोनी के यहां लहूलुहान पड़ा है। जिसपर मौके पर गया। उसे एम्बुलेंस की मदद आए हॉस्पिटल लाए। लक्ष्मीनाथ ने बताया कि 4 महीने पहले लड़की भगाने के मामले उसकी गांव के कुछ लोगों से दुश्मनी थी। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था।



## ट्रेलर ने ट्रैक्टर-बाइक को मारी टक्कर, एक की मौतः ड्राइवर को एड्रेस समझा रहा था बाइक सवार

**भीलवाड़ा**

सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर और बाइक को स्पीड में आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। बाइक सवार बुजुर्ग उछल कर सड़क पर गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोबर के खाद से भरी ट्रैक्टर की ट्रॉली दूर जाकर गिरी। ट्रैक्टर ड्राइवर समेत तीन लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा भीलवाड़ा जिले के उदयपुर-भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर पोटला गांव के पास मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। गंगापुर डीएसपी रितेश कुमावत ने बताया- भीलवाड़ा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर पोटला गांव के पास कुछ मजदूर पास ही खेत में गोबर की खाद डालने दो ट्रैक्टर से जा रहे थे। एक ट्रैक्टर हाईवे से बायीं तरफ नीचे उतर गया। दूसरे ट्रैक्टर का ड्राइवर बाइक पर आए खेत मालिक भगवान लाल (75) पुत्र हेमाजी खटीक से खेत का रास्ता पूछने लगा। इस बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मारते हुए बाइक सवार खेत मालिक को भी चपेट में ले लिया। भगवान लाल की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी बाइक ट्रेलर के पिछले पहियों के नीचे फंस गई। आरोपी ड्राइवर ट्रेलर को सड़क पर छोड़ फरार हो गया। गोबर से भरी ट्रॉली दूर जाकर गिरी। ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया। ट्रैक्टर में सवार मजदूर लहूलुहान होकर दूर-दूर गिर पड़े। दो मजदूर कैलाश पुत्र नानजी निवासी रतलाम (मध्यप्रदेश), कालू पुत्र तिरजी देवदा निवासी रतलाम (मध्यप्रदेश) और ट्रैक्टर ड्राइवर चुन्नीलाल पुत्र किशन बावरी बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। भगवान लाल का शव गंगापुर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



## कार डंपर में घुसी, परिवार के 3 लोगों की मौत, बेटे का मुंडन करवाकर रामदेवरा से लौट रहे थे

**जोधपुर**

बेटे का मुंडन करवाकर रामदेवरा से लौट रहे परिवार की कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आठ घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पिचक गई। पुलिस को शव और घायलों को बाहर निकालने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मामला जोधपुर ग्रामीण के बिलाड़ा थाना क्षेत्र के पिचियाक गांव के स्टेट हाईवे-61 का रात 11 बजे का है। बिलाड़ा S।ह मूल सिंह भाटी ने बताया- मध्य प्रदेश का रहने वाला परिवार मुंडन और रामदेवरा दर्शन के लिए आया था। यहां से दर्शन कर लौट रहे थे। सोमवार देर रात करीब 11 बजे हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया। हादसे में ईको वैन चला रहे श्याम सिंह सिसोदिया (32) पुत्र फतेह सिंह, गीता बाई (35) पत्नी यशवंत सिंह और कोमल उर्फ जानकी (18) की मौत हो गई। प्रेम सिंह (33), विष्णु (40), कृष्णा बाई (65), सीमा (29) पत्नी रामेश्वर, धापू बाई (35) पत्नी विष्णु सिंह, कृष्णपाल सिंह (15) पुत्र यशवंत सिंह, कविता 31 पत्नी प्रेम सिंह और विनय प्रताप सिंह (2) पुत्र प्रेम सिंह गंभीर घायल हैं। घायलों को रात करीब एक बजे बिलाड़ा अस्पताल लेकर गए। इसके बाद 6 एम्बुलेंस के जरिए इन घायलों को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में रेफर किया गया।



## सिर पर हथौड़ा मारकर भांजे का मर्डर, पहले साथ बैठकर पी शराब

**भवानी मंडी**

बचपन में ही अनाथ हो चुके भांजे की मामा ने सिर में हथौड़ा मारकर कर हत्या कर दी। दोनों में शराब पीने के बाद मोबाइल के रुपयों को लेकर विवाद हुआ था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मामा फरार हो गया। जिसे कुछ ही देर बाद पुलिस ने डिटेन कर लिया। हादसा झालावाड़ के भवानीमंडी में बकारी चौराहे के पास सोमवार रात करीब 11.30 बजे हुआ। DSP प्रेम कुमार चौधरी ने बताया कि राहुल भील (19) पुत्र गोपाल बचपन से मामा राकेश (21) के घर रह रहा था। करीब तीन महीने से राहुल अपने मामा के साथ जयपुर में रहकर जूस की दुकान पर काम कर रहा था। दोनों पांच दिन पहले ही जयपुर से अपने घर रामनगर (भवानीमंडी) आए थे। सोमवार रात को शराब में शराब पीने के बाद मामा ने भांजे से मोबाइल के 10 हजार रुपए वापस मांगे थे। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। नशे में राकेश ने तहस में आकर भांजे राहुल के सिर पर हथौड़ा मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात करीब 12 बजे सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना के बाद आरोपी मामा राकेश फरार हो गया। जिसे रात में डिटेन कर लिया गया। युवक के शव को भवानीमंडी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद मंगलवार सुबह शव परिजनों को सौंप दिया गया है। नाना गोपाल ने बताया कि राहुल के बचपन में ही बीमारी से माता-पिता की मौत हो गई थी। उसके बाद से छोटा भाई दिनेश (12) और राहुल दोनों मेरे पास ही रह रहे थे। आठवीं पास करने के बाद राहुल ने पढ़ाई छोड़ दी थी। अपने मामा राकेश के साथ ही खानों में मजदूरी कर रहा था। तीन महीने पहले मजदूरी करने के लिए जयपुर गए थे। वहां जूस की दुकान पर काम कर रहे थे। पांच दिन पहले ही दिनों वापस घर आए थे। दोनों सोमवार रात घर से आधा किलोमीटर दूर बकारी चौराहे के पास टगर मोहल्ले में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान दोनों में रुपयों के लेनदन को लेकर विवाद हुआ था। राकेश ने भांजे राहुल को 10 हजार रुपए का मोबाइल दिलवाया था। जिसके रुपए लौटाने को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी। तभी राकेश ने हथौड़े से सिर पर वार कर दिया। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तो राकेश लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा हुआ था। जिसे तुरंत भवानी मंडी हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## चिंतन

# सभी वैक्सीन सुरक्षित हों जीवन से न हो खिलवाड़

कोरोना का टीका कोविशील्ड की निर्माता ब्रिटिश फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफेक्ट को लेकर कबूलनामा डराने वाली है। विश्व भर में ढाई अरब डोज कोविशील्ड टीके की दी गई, भारत में करीब 1.7 अरब डोज दी गई। कोरोना के विभिन्न टीके लगने के बाद विश्व के विभिन्न हिस्से से अचानक मौत की खबरें आती रहती हैं, लेकिन किसी भी मेडिकल बॉडी ने घोषित तौर पर यह नहीं कहा है कि ऐसे मौतें कोविड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हुई हैं। अब कोविशील्ड टीका बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत में खुद स्वीकार किया है कि उसका कोविड टीका रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉटिंग) जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या (टीटीएस) को घटा सकता है। टीटीएस के परिणाम संभवतः जानलेवा हैं, जिनमें दिल का दौरा पड़ना, मस्तिष्क को नुकसान पहुंचना, फेफड़े में रक्त प्रवाह बाधित होना आदि शामिल हैं। एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से लोगों को लगाया गया था। यूं तो मॉडर्न मेडिसिन के साइड इफेक्ट्स जगजाहिर हैं, लेकिन ये नियंत्रित और अल्प हैं, इनमें जीवन रक्षक की अधिक खूबिया हैं। लेकिन टीके के मामले में अधिक गंभीरता की आवश्यकता है। टीका बचाव के लिए स्वस्थ आदमी को भी लगता है, इसलिए इसके सुरक्षित होने की गारंटी जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के मुताबिक एक टीका के विकास, ट्रायल, अध्ययन आदि के लिए औसतन दस वर्ष निर्धारित हैं, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान कोविड टीके को जिस जल्दबाजी में डब्ल्यूएचओ और विश्व की केंद्रीय सरकारों व ड्रग नियामकों ने मंजूरी दी, वह अपने आप में सवाल है। कोविड से पहले जीका, इबोला समेत दो सौ से अधिक वायरस सामने आए हैं, जिसने विश्व के अलग-अलग क्षेत्र में तबाही मचाई, लेकिन इन वायरसों के टीके के लिए फार्मा कंपनियां, डब्ल्यूएचओ और सरकारों ने तत्परता नहीं दिखाई, जबकि कोविड के दौरान दिखाई। स्पेनिश फ्लू के मामले एक शताब्दी पहले आ चुके, इसके बावजूद वायरस के टीके नहीं बनाए। कोविड के टीके महामारी के दौरान ही आ गए। कोविड टीके के लिए ट्रायल के नियमों में संशोधन तक किया गया। बेशक कोविड टीके के चलते करोड़ों लोगों की जान बची हो, लेकिन इसके दुष्प्रभाव के चलते अगर सौकड़ों लोगों की ही जिंदगी खतरे में है, तो भी यह मानवता के प्रति अपराध ही है। इसलिए दवा निर्माण को नियंत्रित करने वाले सभी नियामकों –सरकार, ड्रग कानून, डब्ल्यूएचओ को अधिक जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। टीका बनाने वाले वैज्ञानिकों व फार्मा कंपनियों को अधिक जवाबदेह बनने की जरूरत है। आखिर मानव जीवन का सवाल है। किसी भी रोग की कोई भी दवा बनती है, तो इसको मंजूरी देने से पूर्व के सभी स्तर पर और भी कड़े मानकों का पालन किया जाना चाहिए। आज विश्व में अनेक दवाएं हैं, जिनके साइड इफेक्ट्स हैं। ऐसी दवाओं से निजात पाने की आवश्यकता है। मुनाफे के लिए मानव जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। कोविड टीटा लग जाने के बाद अब दुष्प्रभाव का सरकारी स्तर पर अध्ययन होना चाहिए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित किया जा सके। सभी वैक्सीन सुरक्षित होनी चाहिए। फार्मा उद्योग को अधिक नैतिक बनने की जरूरत है। किसी के जीवन से खिलवाड़ नहीं होनी चाहिए।



मुद्दे

रवि शंकर

चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी चर्चा मौन है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है।

# स्वास्थ्य चुनावी मुद्दा क्यों नहीं

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन चुनाव की सरगर्मी, लोकलुभावन घोषणाओं और वादों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विकरालता की चर्चा मौन है। देश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति क्या है इससे हम सब बखूबी वाकिफ हैं। देश को आजाद हुए लगभग 77 साल हो गए, लेकिन आज भी मेडिकल के क्षेत्र में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि देश की आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। देश में अस्पतालों और डॉक्टरों की उपलब्धता जनसंख्या के घनत्व के हिसाब से बहुत कम है और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, चिकित्सकों, कमरों, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और दूसरे सुविधाओं की कमी है। इन्हीं अभावों के चलते अपने देश में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तार करने का मौका मिल गया जिसका गरीब लोगों से कोई वास्ता नहीं।

चुनावी मौसम में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को हर तरीके से रिझाने में लगी हुई हैं। देश की राजनीति धर्म, जाति, ग़रीबी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के इर्द-गिर्द घूम रही है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का कहीं जिक्र नहीं हो रहा है। हर साल करोड़ों भारतीय इलाज संबंधित आपात स्थितियों के कारण वित्तीय रूप से बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, लेकिन चुनाव में स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख मुद्दा गौण रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। कहते हैं कि असली भारत गांव में बसता है, मगर गांव के लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाले चिकित्सा केंद्र 21 सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल एक्सपर्ट की काफी कमी देखी जाती है। ऐसे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन गई, जिसका परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की की कितनी भी दावे किए जाएं पर गांव में करीब 60 से 70 फ़ीसदी चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत खुशहाल भारत कैसे बनेगा। ये एक बड़ा सवाल है। भले सरकार हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उदारीकरण के बावजूद, देश की कुल आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम जनसंख्या स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है। ऐसे में विश्व बैंक की उस रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें कहा गया है कि 90 फीसदी बीमारियों की पहचान की जा सकती है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। अफसोस है कि किसी ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार नहीं किया। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं,



जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है। अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी सेक्टर खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए, लेकिन ऐसी सलाह पर कौन ध्यान देता है। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, यूके, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं, पर भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना ज्यादा पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक जितना ध्यान देना चाहिए उतना नहीं दिया गया। ये विडंबना तब है जब देश में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।

भारत की करीब तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, पर जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत अपनी कुल जीडीपी का करीब दो फीसदी हिस्सा भी स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च नहीं करता है,जो 141 करोड़ आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। साफ है, दूसरे विकसशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर 6 फीसदी माना गया है, लेकिन नई स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार भारत 2025 तक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च जीडीपी का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। 6 फीसदी का आंकड़ा भारत कब हासिल करेगा इसके लिए कोई प्रस्तावित वर्ष नहीं बताया गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त जरूरत है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही जरूरी है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें ये उपहार देना होगा। हमारा देश दिल, किडनी और श्वास रोगों का घर बनता जा रहा है। डायबिटीज के लिए तो उसे विश्व की राजधानी ही कहा जाने लगा है। नेशनल हेल्थ सर्वे में ये बात सामने आई है कि 15 से 49 वर्ष आयु के पुरुषों में दिल की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बन रही है। खैर, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने जब कार्यकाल संभाला तब उनको स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के निरंतर खराब प्रदर्शन से दो-चार होना पड़ा। उनको ये पहले ही पता था कि भारत की तरक्की तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। इसके साथ ही उनको ये भी पता था कि यह कार्य एक-दो साल में संभव नहीं है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की जरूरत है, क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। यह ठीक है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार के जरिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च की जाने वाली राशि का बजट में प्रावधान लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितनी उपलब्धता होनी चाहिए, उतनी व्यवस्था अभी भी नहीं हो पाई है। बीते कुछ सालों में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति की है।

आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य इलाज मुफ्त में उपलब्ध है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी सरकार से जोड़ने का काम हुआ है। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## विश्व मजदूर दिवस

योगेश कुमार गोयल




# आज भी हाशिये पर श्रमिक

उद्योग, व्यापार, भवन निर्माण, पुल, सड़कों का निर्माण, कृषि इत्यादि समस्त क्रियाकलापों में श्रमिकों के श्रम का महत्वपूर्ण योगदान होता है और वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। समाज के इसी वर्ग के लिए प्रतिवर्ष 1 मई को 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। भारत में श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत किसान मजदूर पार्टी के कामरेड नेता सिंगारावेलू चेट्यार के सुझाव पर 1 मई 1923 को हुई थी। उनका कथन था कि चूंकि दुनियाभर के मजदूर इस दिन को मनाते हैं, इसलिए भारत में भी इसे मनाया जाना चाहिए। इस प्रकार भारत में 1 मई 1923 से मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप मान्यता दी गई। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्केट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्केट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फेंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा, लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। कर्म को ही पूजा समझने वाला यह वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढेरों लुभावने वादे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी, किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है श्रमिक दिवस? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यही मजबूरी होती है कि यदि वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा? देश की स्वाधीनता के साढ़े सात दशक से भी ज्यादा बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। भले ही इस संबंध में कई कानून बने हैं, किन्तु श्रमिक वर्ग की समस्याएं इसके बावजूद कम नहीं हैं। हालांकि सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए। जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के शब्दों में कहें तो इंसानियत को ऊपर उठाने वाले सभी श्रमिकों की अपनी प्रतिष्ठा और महत्व है, अतः श्रम साध्य उत्कृष्टता से किया जाना चाहिए।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव पर ईश्वर का उपकार




संकलित

**दर्शन**

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामथ्र्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

# प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### हानिकारक हैं शिक्षा क्षेत्र के भर्ती घोटाले

हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। भ्रष्टाचार इस कद्र फैला है जो कानून के जरिए अब समाप्त होना भी मुश्किल ही लगता है। भ्रष्टाचार भावी पीढ़ी के कैरियर को भी ग्रहण लगा रहा है और मेहनतकश युवाओं के कैरियर के सपनों को भी चकनाचूर कर रहा है। हाल ही में कोलकाता में शिक्षा के क्षेत्र में घोटाले की खबर सुर्खियों में है। हालांकि इस भर्ती की नियुक्तियों को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने बहुत ही अच्छा किया कि इसने शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया, लेकिन कोर्ट को इस पर भी विचार करना चाहिए कि आटे के साथ घुन तो नहीं पिस गया, अर्थात जो लोग मेहनत से भर्ती हुए होंगे, उन्हें इंसाफ कैसे मिलेगा? शिक्षा के क्षेत्र में भर्ती घोटाले देश के लिए हानिकारक हैं।

*– मानक बैनर्जी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य निवेश है लागत नहीं



स्वास्थ्य एक निवेश है, लागत नहीं। यही कारण है कि स्वास्थ्य और वित्त मंत्रियों को अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए, और देश के विकास और समृद्धि के लिए स्वास्थ्य को नींव के रूप में उपयोग करना चाहिए।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### ट्रंप ने सीखा



डोनाल्ड ट्रंप ने सीखा कि अमीर बनने का सबसे अच्छा तरीका विरासत में प्राप्त करना है। जब मैं अर्थव्यवस्था को देखता हूं, तो मैं इसे मार-ए-लागो की नजर से नहीं देखता। मैं इसे स्क्रैंटन की आंखों से देखता हूं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जीवन मन के लिए नहीं



आपके भीतर का जीवन आपके शरीर, मन या भावना की सेवा के लिए नहीं है। शरीर, मन और भावनाएं जीवन की सेवा के लिए हैं। हर चीज़ को वैसे ही देखना जैसे वह है, आपको जीवन में सहजता से चलने की शक्ति और क्षमता प्रदान करता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आपका दिमाग एक चुंबक



आपका दिमाग एक चुंबक है। अपने आशीर्वाद पर ध्यान केंद्रित करें और वे आएंगे, अपनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें और वे दस्तक देंगे। हमेशा अच्छे विचार और सकारात्मकता विकसित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
राजस्थान की राजनीति आपकी आवाज़ के साथ
राजस्थान के सभी जिलों से खबरें एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि बनने के लिए सम्पर्क करें
7610866001
Email : hr.tniawaaz@gmail.com
पीएम मोदी ने इंडिया के जवाब में नारा दिया- भ्रष्टाचार भारत छोड़ो
नोट : अनुभवी एवं साफ छवि वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
www.rajasthankirajneeti.com
WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM
पूर्वी राजस्थान (दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई- माधोपुर, अलवर) के सभी विधानसभा स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता सम्पर्क करें
7610866001
HINDUSTAN PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING
A UNIT OF HAMARI PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING (OPC) PVT. LTD. 1ST FLOOR, 18K3, PANKAJ SINGHVI MARG, NEAR RAJ. VIDHAN SABHA, JYOTI NAGAR, JAIPUR (RAJ.) MOB.: +91 7610866001, 8946840063
E-MAIL: editor.tniawaaz@gmail.comWEB.: www.tniawaaz.in www.hpnews.in

# अनूपगढ़ में संविदा कर्मी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते स्वास्थ्य विभाग अधिकारी गिरफ्तार

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** एसीबी ने मंगलवार को अनूपगढ़ जिले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. एसीबी के डीवाईएसपी वेदप्रकाश लखोटिया ने बताया कि अनूपगढ़ जिले की घडसाना मंडी मे स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अजय सोनी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है. ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने महिला एएनएम किरणदीप कौर को संविदा कर्मी की ड्यूटी पर लगाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी. सविंदा कर्मी की ओर से इसकी शिकायत एसीबी को की गई थी. एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद आज ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर को परिवादी से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा हैअजय कुमार नाम के इस बीपीएम ने संविदाकर्मी को ड्यूटी पर लगाने के लिए अठारह हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

# जयपुर में टेंट कारोबारी ने नाबालिग से किया रेप: आरोपी के घर में बच्चों की देखभाल करती थी लड़की; विरोध करने पर डरा-धमकाकर निकाला

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** जयपुर में टेंट कारोबारी ने नाबालिग लड़की से रेप किया। विरोध करने पर आरोपी टेंट कारोबारी ने नाबालिग से मारपीट की। पीड़िता की नानी ने 29 अप्रैल को विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मंगलवार को पीड़िता का मेडिकल करवाया। एसएचओ (विद्याधर नगर) राकेश ख्यालिया के अनुसार, विद्याधर नगर निवासी बुजुर्ग महिला ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी 14 साल की दोहिती के साथ आरोपी टेंट कारोबारी रवि जिंदल ने रेप किया है। पिछले करीब डेढ़ साल से नाबालिग रवि जिंदल के घर काम कर रही थी। वह रवि जिंदल के घर में बच्चों की देखरेख करती थी। इसके लिए रवि जिंदल नाबालिग को ढाई हजार रुपए प्रति माह पेमेंट करता था। 2 अप्रैल को आरोपी रवि जिंदल ने अकेला पाकर नाबालिग दोहिती के साथ रेप किया। नाबालिग के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। डरा-धमकाकर घर से निकाल दिया। इसके बाद दोहिती नानी के पास आकर रहने लगी।

## 26 दिन बाद नानी को आपबीती बताई

28 अप्रैल को बातचीत के दौरान नाबालिग दोहिती ने नानी को आपबीती सुनाई। आरोपी रवि जिंदल की करतूत पता चलने पर 29 अप्रैल को नानी पीड़िता को लेकर विद्याधर नगर थाने पहुंची। विद्याधर नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की। जांच शुरू कर दी है।

### जयपुर में लोहे के कारखाने में 27 लाख की चोरी

# शटर तोड़कर अंदर घुसे बदमाश, लोडिंग गाड़ी में भर ले गए 2700 किलो का सामान

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में लोहा कारखाने से 27 लाख रुपए का 2700 किलो का लोहा चोरी होने का मामला सामने आया है। शटर तोड़कर अंदर घुसे बदमाश लोडिंग गाड़ी में सामान भरकर भाग निकले। शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। रामनगरिया थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। हेड कॉन्स्टेबल किशन सिंह ने बताया- जगतपुरा निवासी अब्दुल हकीम (34) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसकी आनन्द विहार पृथ्वी मार्केट में लोहा का सामान बनाने की कारखाना है। 28 अप्रैल की रात को रोज की तरह कारखाना बंद कर वह घर चले गए। पीछे से बदमाशों ने चोरी के लिए कारखाने को निशाना बनाया। बाहर लगे कैमरों को तोड़ने के बाद कारखाने का शटर तोड़कर अंदर घुसे। कारखाने में तैयार बना रखा करीब 27 लाख रुपए का सामान चुराया। किसी लोडिंग वाहन में चोरी किया सामान भरकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में 1100 किलो की अलग-अलग ग्रील, 500 किलो की रैलिंग, कटर मशीन-4, बैल्डिंग मशीन-2, 600 किलो के दो मैन गेट और 500 किलो का कच्चा माल शामिल है। अगले दिन सुबह कारखाने पर आने पर चोरी का पता चला। कारखाने के अंदर लगे सीसीटीवी में चोरों की करतूत कैद हो गई।

### राजस्थान के 6 जिलों में बारिश का अलर्ट

# अगले चार दिन मौसम साफ रहेगा, मई में भी तापमान कंट्रोल रहेगा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान में इस सीजन बैक टू बैक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने से अप्रैल महीने में तापमान कंट्रोल रहा। आज से अगले चार दिन मौसम साफ रहेगा, लेकिन तापमान में कोई खास बढ़ोतरी होने की उम्मीद नहीं है। मई का पहला सप्ताह भी गर्मी से राहत देने वाला रह सकता है, क्योंकि 4 मई को एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की उम्मीद है। इससे 6 जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो राजस्थान के उत्तरी हिस्सों के गंगानगर, हनुमानगढ़ में गरज-चमक के साथ बारिश होने से यहां दिन में गर्मी कम रही। हनुमानगढ़ में कल दिन का अधिकतम तापमान 4 डिग्री गिरकर 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गंगानगर में भी कल दिन का तापमान 3.5 डिग्री गिरकर 35 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। बारिश-आंधी से पश्चिमी राजस्थान के राज्यों में कल दिन का सामान्य तापमान 6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ।

## इन शहरों में भी गिरा पारा

भीलवाड़ा, सीकर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, फलोदी और बीकानेर में भी तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। तापमान गिरन से पश्चिमी राजस्थान के जिलों में गर्मी कम रही। बाड़मेर में कल दिन का तापमान 39.2, जैसलमेर में 37.5, जोधपुर में 37.9 और चूरू-बीकानेर में 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान कोटा में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## 4 मई से एक नया वेदर सिस्टम होगा एक्टिव

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान उत्तरी हवा के प्रभाव से तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। इससे 4 मई को बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, जैसलमेर, फलोदी के कुछ एरिया में बादल छाने के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा इन जिलों में धूलभरी आंधी चलने की संभावना है।

# 31,112 प्राइवेट स्कूलों के लिए कल निकलेगी आरटीई लॉटरी: 8 लाख से ज्यादा ने किया आवेदन, जानें- कैसे होगा एडमिशन

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान के प्राइवेट स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए इंतजार कर रहे स्टूडेंट्स और पेरेंट्स का इंतजार कल खत्म हो जाएगा। जयपुर के शिक्षा संकुल में बुधवार दोपहर 3 बजे शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल प्रदेश के 31 हजार 112 स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए राइट टू एजुकेशन सत्र 2024-25 की ऑनलाइन लॉटरी निकलेंगे। जिसके लिए 8 लाख से ज्यादा आवेदन आए है।

## ये रहेगा शेड्यूल

3 से 29 अप्रैल तक पैरेंट्स स्कूलों में अपने बच्चों के एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

1 मई को शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन प्रायोरिटी लॉटरी निकाली जाएगी।

प्रायोरिटी लॉटरी निकलने के बाद 1 से 8 मई तक आवेदकों (अभिभावकों) को ऑनलाइन ही रिपोर्टिंग करनी होगी।

15 मई तक स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन की जांच की जाएगी।

21 मई तक पेरेंट्स को डॉक्यूमेंट करेक्शन का वक्त दिया जाएगा।

1 जून के बाद प्रदेशभर के प्राइवेट स्कूलों में राइट टू एजुकेशन एडमिशन प्रक्रिया के तहत सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स की पहली लिस्ट जारी होगी।

25 जुलाई से 16 अगस्त के बीच राइट टू एजुकेशन एडमिशन प्रक्रिया के तहत सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स की दूसरी लिस्ट जारी होगी।

राइट टू एजुकेशन एडमिशन प्रक्रिया की पहली और दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद भी शेष रही सीटों के लिए 17 अगस्त से 31 अगस्त के बीच तीसरी और आखिरी लिस्ट जारी की जाएगी।

## 25 फीसदी सीटों पर मिलता है फ्री एडमिशन

आरटीई कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों को अपने यहां एंट्री लेवल की कक्षा में कुल संख्या में से 25 फीसदी सीटों पर फ्री प्रवेश देना होगा। बाकी 75 प्रतिशत सीटों पर वे फीस लेकर प्रवेश दे सकते हैं। 25 फीसदी सीटों पर फ्री प्रवेश का भुगतान राज्य सरकार देती है। बच्चा जिस वार्ड या गांव का है, उसे अपने क्षेत्र के निजी स्कूल में पहले प्राथमिकता दी जाती है। सीट खाली होने पर दूसरे वार्ड के बच्चे को प्रवेश दिया जाएगा।

प्रवेश के लिए निकाली जाने वाली लॉटरी में दिव्यांग और अनाथ बच्चों को प्राथमिकता मिलेगी। यानी इन बच्चों का सबसे पहले प्रवेश होगा। इससे पहले इन्हें प्राथमिकता नहीं दी जाती थी।

## परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख से कम हो

इस प्रक्रिया के तहत प्री प्राइमरी क्लास के लिए तीन से चार साल तक की उम्र के स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकेंगे। क्लास फर्स्ट के लिए 6 से 7 साल की उम्र तक के स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकेंगे।

आरटीई एडमिशन के लिए आवेदक को राजस्थान का स्थायी निवासी होने के साथ ही उसके परिवार की सालाना इनकम 2.5 लाख रुपए से कम होना जरूरी है। इसके साथ ही एडमिशन के लिए आय प्रमाण पत्र, बच्चे का आयु प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो होना जरूरी है।

## ऑटो रिपोर्टिंग का सिस्टम लागू किया

लॉटरी के बाद अभिभावकों को 5 निजी स्कूलों में से किसी एक स्कूल में ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होती है, लेकिन अभिभावक ऐसा करना भूल जाते हैं। इससे बचने के लिए विभाग ने इस बार ऑटो रिपोर्टिंग का सिस्टम लागू किया है।

## स्कूल ऑब्जेक्शन कर सकेंगे, रिजेक्शन नहीं

डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन में निजी स्कूल संचालक दस्तावेज पर केवल आपत्ति कर सकेंगे। डॉक्युमेंट को रिजेक्ट नहीं कर सकेंगे। स्कूल की ओर से आपत्ति के बाद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) देखेंगे कि स्कूल की तरफ से लगाई गई आपत्ति सही है या गलत।

### स्ट्रीट वैंडर्स को एचसी से राहत, कहा-प्रशासन नहीं करे सख्ती

# वैंडर्स भी सड़क पर नहीं करें अतिक्रमण, 13 साल में नहीं बना एक भी वैंडिंग जोन

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश के स्ट्रीट वैंडर्स (थड़ी-ठेला संचालक) को बड़ी राहत दी हैं। हाई कोर्ट में जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने प्रदेश में नॉन वैंडिग जोन में थड़ी-ठेला लगाने वाले नॉन लाइसेंसी वैंडर्स पर सख्ती नहीं करने के आदेश दिए है। कोर्ट ने यह आदेश नेशनल हूमन राइट एंड सोशल जस्टिस ऑर्गेनाइजेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। ऑर्गेनाइजेशन ने अदालत में पीआईएल लगाकर कहा था कि प्रदेश में साल 2011 में स्ट्रीट वैंडर एक्ट बना था। लेकिन पिछले 13 साल में भी जयपुर शहर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में वैंडिग जोन नहीं बनाए गए है। ऐसे में स्ट्रीट वैंडर सड़क किनारे और फुटपाथ पर थड़ी-ठेला लगाने पर मजबूर हैं। वहीं ऐसा करने पर पुलिस और स्थानीय निकाय द्वारा इन पर कार्रवाई की जाती हैं। जिससे इनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाता हैं। इस पर कोर्ट ने स्ट्रीट वैंडर को अंतरिम राहत देते हुए इन पर कार्रवाई करने पर रोक लगा दी हैं। वहीं सरकार, गृह विभाग, स्वायत्त शासन निकाय और डीज़ीपी से जवाब मांगा हैं।

## अकेले जयपुर में डेढ़ से दो लाख स्ट्रीट वैंडर

जनहित याचिका में पैरवी करने वाले अधिवक्ता संजय जोशी ने कहा कि एक्ट लागू होने के बाद जयपुर शहर में करीब 86 वैंडिंग जोन बनने थे। लेकिन आज तक एक भी वैंडिंग जोन नगर निगम ने शहर में नोटिफाई नहीं किया। जबकि साल 2017 में



अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निगम को 6 महीने में पूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। साल 2021 में निगम ने 86 वैंडिग जोन में से केवल 13 पर काम शुरू किया। लेकिन वो वैडिंग जोन भी केवल कागजों तक ही सीमित रहे। धरातल पर एक भी वैंडिग जोन जयपुर शहर में नही बना। ऐसे में थड़ी-ठेला संचालकों के लिए पूरा शहर ही नॉन वैंडिग जोन है। कहीं पर भी थड़ी-ठेला लगाने पर निगम और पुलिस प्रशासन इन पर चालान काटने से लेकर इनका सामान जब्त करने की कार्रवाई कर देता हैं। उन्होंने बताया कि कोर्ट की सख्ती के बाद निगम ने जयपुर शहर में 7 से 8 हज़ार स्ट्रीट वैंडर्स को लाइसेंस जारी किए थे। जबकि अकेले जयपुर में ही करीब डेढ़ से दो लाख स्ट्रीट वैंडर हैं।

## पार्षद की एनओसी की अनिवार्यता गलत

जनहित याचिका में कहा गया है कि एक्ट के तहत वैंडिग जोन की जगह और वैंडिंग लाइसेंस के लिए पात्र स्ट्रीट वैंडर्स को लेकर वैंडिग कमेटी सुझाव देगी। वहीं वैंडिंग कमेटी के सुझाव पर स्थानीय निकाय इसे लेकर निर्णय लेंगे। लेकिन जयपुर में निगम ने इसके लिए स्थानीय पार्षद को अधिकृत कर दिया हैं। वैंडिग लाइसेंस के लिए जयपुर में पार्षद की एनओसी अनिवार्य की गई हैं। जबकि एक्ट में पार्षद को किसी भी तरह के अधिकार नहीं दिए गए हैं।

### जयपुर नगर निगम अब वॉट्सऐप के जरिए सुनेगा समस्या

# 48 घंटे में होगा हर समस्या का समाधान करेगा, अधिकारी फोन कर लेंगे फीडबैक

राजस्थान की राजनीति



निगम के हेल्पलाइन सेंटर में जाएगी जानकारी

**जयपुर।** जयपुर में रहने वाले लोगों को समस्याओं और मूलभूत काम के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन शुरू की है। इसके जरिए आम आदमी घर बैठे वॉट्सऐप के जरिए अपनी सभी समस्याओं और सवालों का समाधान हासिल कर सकेगा। दरअसल, मई में जयपुर नगर निगम ने वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन शुरू करने का फैसला किया गया है। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में रहने वाला प्रत्येक नागरिक अपने मोबाइल के जरिए घर बैठ अपनी सड़क, सीवरेज, सफाई, लाइट, गार्डन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवारा पशु, जैसी तमाम नगर निगम से संबंधित समस्याओं की शिकायत और जानकारी वॉट्सऐप चैट के जरिए हासिल कर सकेगा।

## नगर निगम के हेल्पलाइन सेंटर में जाएगी जानकारी

इसके बाद इसकी सीधी जानकारी नगर निगम के हेल्पलाइन सेंटर में जाएगी। जहां से संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को उसे दुरुस्त करने के निर्देश मिलेंगे। इसके बाद अगले 24 से 48 घंटे में उस समस्या का समाधान होगा। इसके बाद नगर निगम की हेल्पलाइन से ही संबंधित व्यक्ति को फिर से फोन कर उसकी समस्या के समाधान की जानकारी हासिल की जाएगी। ऐसे में अगर संबंधित व्यक्ति समस्या के समाधान से संतुष्ट हुआ तो नगर निगम हेरिटेज के रिकॉर्ड में निस्तारित समस्याओं में उसे शामिल किया जाएगा। अगर संबंधित व्यक्ति उसे समस्या के समाधान से संतुष्ट नहीं हुआ तो उसकी समस्या को फिर से समझ उसे दुरुस्त किया जाएगा।

## प्रक्रिया में 48 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा तो मॉनिटरिंग होगी

जब तक संबंधित व्यक्ति संतुष्ट नहीं होगा। उस समस्या को निस्तारित नहीं किया जाएगा। अगर इस प्रक्रिया में 48 घंटे से ज्यादा का वक्त लगेगा तो संबंधित विभाग के उपायुक्त सीधे उसे मॉनिटर करेंगे। अगर वह भी उस समस्या का समाधान नहीं कर सकेंगे। सीधे नगर निगम के आयुक्त उसे समस्या के समाधान के लिए काम करेंगे। नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया- वॉट्सऐप आजकल हर आदमी इस्तेमाल करता है। इसी बात को ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन शुरू की जा रही है। इसके जरिए घर बैठे आम आदमी नगर निगम से संबंधित अपनी किसी भी समस्या का समाधान और सवाल का जवाब हासिल कर सकेगा। इसकी ट्रायल प्रक्रिया जारी है। इसके पूरा होने के बाद आम आदमी के लिए भी इसे शुरू कर दिया जाएगा।

### राजस्थान से कोलकाता के लिए शुरू होगी समर स्पेशल ट्रेन

# 5 मई से 2 जुलाई तक चलाए जाएगी, जयपुर समेत 24 स्टेशनों पर होगा ठहराव

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** यात्री भार को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने राजस्थान से कोलकाता के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू करने का फैसला किया है। यह ट्रेन 5 मई में को शुरू होगी। 2 जुलाई को अपना आखिरी फेरा पूरा करेगी। इस दौरान यह ट्रेन जयपुर, उदयपुर समेत प्रदेश और देश के 24 अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे ने 6 ट्रेनों में 11 अस्थाई कोच की बढ़ोतरी भी की है, ताकि आम यात्रियों को आसानी से रेलवे में सफर करने का मौका मिल सके। जबकि दो ट्रेनों को रीशेड्यूल भी किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया- गर्मियों में बढ़ते यात्री भार को ध्यान में रखते हुए 5 मई से 30 जून तक उदयपुर सिटी - कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा शुरू करने का फैसला किया है। जो उदयपुर सिटी से प्रत्येक रविवार को दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात 9 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद जयपुर से रात 9 बजकर 55 मिनट पर रवाना होकर मंगलवार को सुबह 4 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

इसी तरह गाड़ी संख्या 09620, कोलकाता-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा 7 मई से 2 जुलाई तक कोलकाता से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद जयपुर से 1 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर रात 11 बजकर 15 मिनट पर उदयपुर सिटी स्टेशन पहुंचेगी।



## इन स्टेशन से गुजरेगी ट्रेन


5 मई से 2 जुलाई तक शुरू की गई दोनों ट्रेन 18 ट्रिप पूरे करेगी। इस दौरान यह ट्रेन उदयपुर सिटी, राणाप्रतापनगर, मावली, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा कैंट, शमशाबाद, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, बनारस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्धमान रेलवे स्टेशन पर ठहराव करेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे। इनमें 1 सेकंड एसी, 5 थर्ड एसी इकॉनोमी, 8 सेकंड स्लीपर, 4 साधारण (जनरल), 1 पावर कार और 1 गार्ड कोच शामिल होगा।

इसके साथ ही गर्मियों में बढ़ते यात्री भार को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 6 जोड़ी रेल सेवाओं में 11 अस्थाई कोच की बढ़ोतरी की गई है। गाड़ी संख्या 22915 - 22916, बान्द्रा टर्मिनस-हिसार-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा में बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 06.05.24, 13.05.24, 20.05.24 और 27.05.24 को और हिसार से दिनांक 07.05.24, 14.05.24, 21.05.24 और 28.05.24 को 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 19409 - 19410, साबरमती-गोरखपुर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 02.05.24 से 30.05.24 तक और गोरखपुर से दिनांक 04.05.24 से 01.06.24 तक 2 साधारण श्रेणी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 19415 - 19416, साबरमती-श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा - साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 05.05.24, 12.05.24, 19.05.24 और 26.05.24 को और श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा से दिनांक 07.05.24, 14.05.24, 21.05.24 और 28.05.24 को 2 साधारण श्रेणी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 19407 - 19408, साबरमती-वाराणसी-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 02.05.24, 09.05.24, 16.05.24, 23.05.24 और 30.05.24 को और वाराणसी से दिनांक 04.05.24, 11.05.24, 18.05.24, 25.05.24 और 01.06.24 को 2 साधारण श्रेणी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 19401 - 19402, साबरमती-लखनऊ-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 06.05.24, 13.05.24, 20.05.24 और 27.05.24 को और लखनऊ से दिनांक 07.05.24, 14.05.24, 21.05.24 व 28.05.24 को 2 साधारण श्रेणी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 20939 - 20940, साबरमती-सुल्तानपुर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 07.05.24, 14.05.24, 21.05.24 व 28.05.24 को और सुल्तानपुर से दिनांक 08.05.24, 15.05.24, 22.05.24 और 29.05.24 को 2 साधारण श्रेणी कोच की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। इसके साथ ही दिल्ली-अंबाला कैंट रेलखण्ड के बीच नीलोखेड़ी स्टेशन पर लूप लाईन विस्तार के चलते ट्रेफिक ब्लॉक किया गया है। जिसकी वजह से 2 ट्रेन को रीशेड्यूल किया गया है। जिसके तहत आज गाड़ी संख्या 12983, अजमेर - चंडीगढ एक्सप्रेस रेलसेवा अजमेर से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 12414, जम्मूतवी - अजमेर एक्सप्रेस रेलसेवा 2 और 3 मई को जम्मू तवी से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

### जयपुर में फ्रेंडशिप कर युवती से रेप

# अविवाहित बताकर दिया धोखा, ब्लैकमेल कर ऐंठे 5 लाख

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में फ्रेंडशिप कर एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। खुद को अविवाहित बताकर आरोपी ने धोखा देकर उससे रेप किया। इमोशनल ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ऐंठ लिए। सदर थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। मामले की जांच स्ढ्ढ निरमा पूनिया कर रही है। पुलिस ने बताया कि सदर इलाके रहने वाली 26 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। करीब 4 साल पहले उसकी मुलाकात इमरान से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी इमरान ने उससे दोस्ती कर ली। खुद को अविवाहित बताकर शादी करने का वादा कर उसके साथ रेप किया। शादी करने का झांसा देकर लगातार देहशोषण करता रहा। इस दौरान इमोशनल ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ऐंठ लिए। शादीशुदा होने का पता चलने पर पीड़िता ने दूरी बनाई। इस बात से गुस्साए आरोपी ने कॉल कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। टॉर्चर से परेशान होकर सदर थाने में पीड़िता ने आरोपी बॉयफ्रेंड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### जयपुर में पड़ोसी ने किया युवती से रेप

# पानी में मिलाकर पिलाया नशीला पदार्थ, अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में पड़ोसी युवक के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ रेप किया। अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर डराया-धमकाया। सांगानेर सदर थाने में पीड़िता ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (सांगानेर सदर) पूनम चौधरी कर रही है। पुलिस ने बताया- सांगानेर सदर निवासी 19 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पड़ोस में रहने के कारण आरोपी से बातचीत और मिलना-जुलना है। 21 अप्रैल की रात को आरोपी ने मिलने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। मिलने जाने पर पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ रेप कर अश्लील वीडियो बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। वीडियो से ब्लैकमेल कर उसे दूसरी जगह ले जाने की कोशिश की। नशा उतरने पर पीड़िता ने खुद को सिंधीकैम्प बस स्टेंड पर पाया। पुलिस की मदद से कॉल कर परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजनों के साथ वापस घर लौटी पीड़िता ने सांगानेर सदर थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# एकल पट्टा केस में जवाब देने वाले एडिशनल एसपी एपीओ: गृह विभाग की मंजूरी बिना सुप्रीम कोर्ट में एडिशनल एसपी सुरेन्द्र सिंह ने पेश किया था जवाब

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** एकल पट्टा केस में भजनलाल सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश जवाब में पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को क्लीन चिट दिए जाने का मामला सोमवार को तूल पकड़ गया। राज्य सरकार ने जवाब पेश करने वाले एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह को एपीओ कर दिया। वो ही केस के प्रभारी अधिकारी थे। इस मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में वकील भी बदल दिया है, अब पैरवी की जिम्मेदारी अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा को सौंप दी है। उधर, यह भी सामने आया है कि एसीबी ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब पेश करने से पहले उस पर गृह विभाग की मंजूरी ही नहीं ली। एकल पट्टा केस में 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में पेश जवाब में शांति धारीवाल और अन्य को क्लीन चिट देने के अशोक गहलोत सरकार के समय के जवाब को यथावत रखा गया।

## इस तरह सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

3 दिसंबर 2014 को तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार के समय एसीबी ने मामला दर्ज किया था। तत्कालीन आईएएस-आरएएस अधिकारियों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस के सत्ता में आने पर 3 क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी गई। हाईकोर्ट ने 17 जनवरी 2023 को तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ मामला वापस लेने के राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया, जिसे अशोक पाठक ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि किसके स्तर पर जवाब का अनुमोदन हुआ, यह अभी नहीं बता सकते। मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

## दूदू कलेक्टर के खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच भी थी सुरेंद्र सिंह के पास

दूदू कलेक्टर के 25 लाख की रिश्वत मांगने की जांच कर रहे जयपुर एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह को सोमवार देर शाम को सरकार ने एपीओ कर दिया गया। इस फैसले को लेकर एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि जल्द नया जांच अधिकारी (आईओ) इस केस में लगा दिया जाएगा। सरकार ने यह फैसला किस बात को लेकर लिया, वही अच्छी तरह से बता सकती है। उन्होंने कार्रवाई का कारण बताने से इनकार कर दिया। वहीं, एसीबी ने एफआईआर में मेंशन किया है कि कलेक्टर को ट्रैप करने की सूचना लीक हुई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली

**500 रन**

बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह

**14 विकेट**

मुंबई

# आईपीएल : कोहली ने 7वीं बार एक सीजन में बनाए 500 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व क्रिकेट में अपना बड़ा नाम किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी उनका बल्ला खूब चला है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने भारत की इस फ्रेंचाइजी लीग में कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। कोहली ने 7 बार किसी एक सीजन में 500 से अधिक रन बनाए हैं।

### आईपीएल 2024 में पूरे किए 500 रन

कोहली इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान ने आईपीएल 2024 में भी अपने 500 रन पूरे किए और वह इस सीजन में ये आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इस सीजन में 10 मैचों में ही ये आंकड़ा छू लिया। कोहली इस सीजन में 1 शतक और 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 113 रन की पारी खेली थी।



**2011 में** 16 मैचों में 46.41 की औसत और 121.08 की स्ट्राइक रेट से 557 रन बनाए थे।

**2013 में** 16 मैचों में 138.73 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बनाए थे।

**2015 में** 16 मैचों में 45.9 की औसत और 130.82 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए थे।

**2016 में** 16 मैचों में 81.08 की औसत और 152.03 की स्ट्राइक रेट से रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे।

**2018 में** 14 मैचों में 139.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 530 रन बनाए थे।

**2023 में** 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 639 रन बनाए थे।



## आईपीएल में किसी एक मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन ने गेंदबाजी में अहम उपलब्ध हासिल की है। नरेन ने ईडन गार्डन स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 24 रन देते हुए 1 विकेट चटकाया। इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में किसी एक मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

**नरेन ने ईडन गार्डन में लिए 69 विकेट**

आईपीएल में नरेन ने ईडन गार्डन में 58 मैचों में 19.94 की औसत और 6.32 की इकॉनमी रेट के साथ 69 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ा है। बता दें कि इस लीग में एमआई का प्रतिनिधित्व कर चुके मलिंगा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 43 मैचों में 68 विकेट लिए थे। इस सूची में अमित मिश्रा अरुण जेटली स्टेडियम में 58 विकेट ले चुके हैं।

**पांच विकेट हॉल में लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं नरेन**

नरेन ने केकेआर की ओर से खेलते हुए आईपीएल 2012 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच में 19 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। यह इस ऐतिहासिक मैदान पर आईपीएल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### खबर संक्षेप

#### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से कोलकाता में

**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर आज बुधवार से यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।

#### नडाल ने केचिन को हराया, स्वियातेक महिला क्वार्टर फाइनल में



**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी।

नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव सबेस्टियन कोर्डा को 5-7, 7-6, 6-3 से हरा दिया जबकि पांचवें वरीय कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को 6-2, 6-4 से हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत 11वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने पांचवीं वरीय मारिया सकारी को 6-4, 6-4 से हराया।

### मुंबई को 4 विकेट से हराया, मोहसिन ने झटके 2 विकेट

# स्टोइनिस-गेंदबाजों ने प्लेआफ के लिए लखनऊ का दावा किया पुख्ता

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हरा दिया। पहले गेंदबाजों ने मुंबई को सात विकेट पर 144 रन पर रोक दिया । इसके बाद स्टोइनिस की 45 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर लखनऊ ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। स्टोइनिस ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। लखनऊ अब दस मैचों में छठी जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई की यह दस मैचों में सातवीं हार थी। लखनऊ की शुरूआत खराब रही और नुवान तुषारा ने चौथी की गेंद पर इंपैक्ट खिलाड़ी अर्शिन कुलकर्णी को आउट कर दिया। आईपीएल में पदार्पण मैच में वह खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस ने गेराल्ड कोएत्जी को लगातार दो चौके लगाये और उनके पहले ओवर में 15 रन निकाले। केएल राहुल ने तुषारा को तीन चौके और एक छक्का जड़कर 20 रन निकाले। वह 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए।



हार्दिक पंड्या ने राहुल को पवेलियन भेजा जिनका कैच सीमारेखा के पास मोहम्मद नबी ने लपका। स्टोइनिस ने दीपक हुड्डा (18) के साथ 35 गेंद में 40 रन की साझेदारी करके लखनऊ को सौ रन के पास पहुंचाया। हुड्डा को भी हार्दिक ने आउट किया लेकिन स्टोइनिस ने 14वें ओवर में 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। कोएत्जी ने एश्टोन टर्नर को आउट किया जबकि आयुष बडोनी रन आउट हो गए। निकोलस पूरन (नाबाद 14) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई मुंबई ने पावरप्ले के भीतर ही चार विकेट गंवा दिये। निहाल वढेरा (46) और ईशान किशन (32) पांचवें विकेट के लिये 53 रन की साझेदारी करके भी टीम को बड़ा स्कोर नहीं दे सके।

#### मुंबई-144/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ईशान का यादव बो बिश्नोई | 32 |
| रोहित का स्टोइनिस बो मोहसिन | 4 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 7 |
| पंड्या का राहुल बो नवीनुल हक | 0 |
| निहाल वढेरा बो मोहसिन | 46 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 |
| मोहम्मद नबी बो यादव | 1 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : आठ रन

कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन

गेंदबाजी: स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीनुल 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, बिश्नोई 4-0-28-1, हुड्डा 2-0-13-0

#### लखनऊ-145/6 (19.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 |
| अर्शिन पगबाधा बो तुषारा | 0 |
| मार्कस का वर्मा बो नबी | 62 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 5 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 6 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल योग : 19 . 2 ओवर में छह विकेट पर 145 रन

गेंदबाजी: तुषारा 4-0-30-1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या 4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1



### आज होगी चेन्नई और पंजाब किंग्स में भिड़त

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 49वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती होगी। ये मुकाबला 1 मई को एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि इस सीजन पहली बार दोनों टीमों के बीच भिडंत होगी। आईपीएल आईपीएल 2024 में अब तक सीएसके ने 5 मैच जीते हैं और 4 में शिकस्त झेली है। पंजाब किंग्स की टीम ने निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 3 मैच जीते हैं और 6 में हार का सामना किया है। इस मैच में सीएसके जहां जीत का परचम लहराते हुए अपनी जीत की लिस्ट में एक और जीत जोड़ने बेकरार है वहीं पंजाब किंग्स लगातार हार का सामना करने के बाद किसी भी हालत में यह मैच जीतकर अपने खिलाड़ियों और प्रशंसकों में जोश भरना चाहेगी। यह मैच आज बुधवार 1 मई को चेन्नई के एम चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

खास खबर

## राधा-हेमलता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने दूसरा टी-20 19 रन से जीता

**सिलहट (बांग्लादेश)।** बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्षाबाधित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 19 रन से हरा दिया।

राधा के तीन विकेट की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनने वाली मेजबान टीम को 119 रन पर समेट दिया। राधा ने 19 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को दो दो विकेट मिले । बांग्लादेश के लिये सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत की ओर से आठवें ओवर में आई राधा ने बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना और फाहिमा खातून को लगातार दो गेंदों पर चलता किया। वह हालांकि हैट्रिक नहीं लगा सकी और सुल्ताना खातून ने उन्हें चौका जड़ा। दीप्ति ने रितु मोनी को दूसरा शिकार बनाया जबकि राधा ने राबिया खान को आउट किया।

**बारिश के कारण लागू हुई डकवर्थ लुईस प्रणाली**

जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (0) का विकेट जल्दी गंवा दिया। इसके बाद हेमलता ने 24 गेंद में 41 रन बनाये और भारत ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे जब दोबारा बारिश शुरू हो गई। हेमलता ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़े। उस समय भारत डकवर्थ लुईस प्रणाली से 19 रन आगे था और बारिश के कारण आगे का खेल नहीं होने पर भारत को विजयी घोषित किया गया। भारत अब पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

**भारत ने ऐसे चटकाए बांग्लादेश के विकेट**

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की दिलारा अख्तर ने रेणुका सिंह को पारी की दूसरी ही गेंद पर मिडविकेट में चौका लगाया। इसके बाद बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में चौका लगाया। पहले ओवर में 11 रन बनने के बाद अनुभवी स्पिनर दीप्ति ने अख्तर को पवेलियन भेजा। वह स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप में रेणुका को कैच दे बैठी।

### चीन ने उबेर कप में भारतीय महिला टीम को 5-0 से हराया

**चेंगदू (चीन)।** युवा सनसनी अनमोल खरब को टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा जबकि भारत की कमजोर महिला टीम को मंगलवार को यहां उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा। भारत पहले ही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।

## वर्ल्ड कप विजेता इंग्लैंड की कमान संभालेंगे बटलर

### टी-20 विश्व कप 2024 : जोफ्रा आर्चर की हुई वापसी

एजेंसी ▶▶| दुबई


इस साल टी-20 विश्व कप 2024 आगामी जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा की है। जोस बटलर के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। इसके अलावा विल जैक्स और फिल सॉल्ट, टॉम हार्टले भी अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं। गत विजेता इंग्लिश टीम अपने अभियान की शुरुआत 4 जून को स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगी। इंग्लिश टीम में ज्यादातर खिलाड़ी पिछले विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। इंग्लैंड को विश्व कप से ठीक पहले अपने घर पर पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है।



**ऐसी है इंग्लैंड की टीम**

विश्व कप के लिए इंग्लिश टीम: जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), फिल सॉल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, मोईन अली, सैम कर्रन, जोफ्रा आर्चर, क्रिस जॉर्डन, मार्क वुड, रीस टॉपले, आदिल राशिद, टॉम हार्टले और बेन डकेट।

## रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक से बार्सीलोना ने वेलेंसिया को हराया



**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया। मध्यांतर से टीम पहले वेलेंसिया के गोलकीपर जियॉर्जी ममारदाशविली को फाउल करने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद दूसरे हाफ में लेवानदोवस्की छाए रहे।

## विश्वनाथ, आकाश और प्रीत एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेफा में

एजेंसी ▶▶| अस्ताना (कजाखस्तान)

विश्वनाथ सुरेश, आकाश गोरखा और प्रीत मलिक ने मंगलवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

गत युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में ईरान के हसानी सेयेदर्शम को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। सीनियर राष्ट्रीच चैंपियन आकाश (60 किग्रा) ने भी ईरान के ही इबादी अरमान को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। प्रीत (67 किग्रा) को भी वियतनाम के एनगुएन डु एनगोक के खिलाफ जीत दर्ज करने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और रैफरी ने पहले दौर में भी मुकाबला रोककर उन्हें विजेता घोषित कर दिया।



कुणाल (75 किग्रा) हालांकि क्वार्टर फाइनल में ईरान के महशारी मोहम्मद के खिलाफ 0-5 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अंडर-22 सेमीफाइनल शनिवार को खेले जाएंगे।

**अन्य मुकाबले के ऐसे रहे परिणाम**

सोमवार की रात, राहुल कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य राठी (+92 किग्रा), लक्ष्मी (50 किग्रा), तमन्ना (54 किग्रा), यात्री पटेल (57 किग्रा) और सृष्टि साठे (63 किग्रा) ने युवा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 24 से अधिक देशों के लगभग 400 मुक्केबाज 25 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। युवा और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः छह और सात मई को होंगे।

## टी-20 विश्व कप में मार्करम करेंगे द.अफ्रीकी की कप्तानी

**दुबई।** टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने एडेन मार्करम की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें कगिसो रबाडा और क्विंटन डिकॉक जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। दिलचस्प रूप से बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किए जा चुके क्विंटन डिकॉक और नोर्खिया को टीम में जगह दी है। डिकॉक ने विश्व कप 2023 के बाद से वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। नोर्खिया की बात करें तो वह आखिरी बार सितंबर 2023 में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इसके अलावा नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में नामित किया है। तेम्बा बावुमा को टीम में नहीं चुना गया है। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम अपने अभियान की शुरुआत 3 जून को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगी। ये मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।



**द.अफ्रीकी टीम**

दक्षिण अफ्रीकी टीमः एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को येंसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्खिया, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

### आईपीएल के माही ने रचा एक और इतिहास

# सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में टॉप पर धोनी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 46वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रन से हरा दिया। इसीके साथ टीम ने अपनी खोई हुई लय भी प्राप्त कर ली है। यह जीत सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए काफी अहम थी। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।



**महेंद्र सिंह धोनी-150 मुकाबले**

धोनी आईपीएल के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जो 150 मैच जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। साल 2008 में धोनी पहली बार सीएसके की टीम का हिस्सा बने थे और वह टीम के कप्तान भी थे। उनकी कप्तानी में सीएसके ने 5 बार ट्रॉफी अपने नाम की है और फ्रेंचाइजी 5 बार फाइनल तक भी पहुंची है। धोनी ने 135 मैच सीएसके के साथ और 15 मैच राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के साथ जीते हैं।



**रविंद्र जडेजा- 139 मैच**

सीएसके के रविंद्र जडेजा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर हैं। जडेजा ने अपना पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए साल 2008 में खेला था। उस सीजन आरआर ने ट्रॉफी अपने नाम की थी। सीएसके के साथ इस खिलाड़ी ने 3 बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती है। जडेजा गुजरात लायंस और कोच्ची के लिए भी खेल चुके हैं। जीते हुए मैच में उन्होंने 1,183 रन बनाए हैं और इसके साथ 112 विकेट भी झटके हैं।

**रोहित शर्मा-133 मैच**

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वह साल 2009 के सीजन में हैदराबाद की टीम के साथ ट्रॉफी जीत चुके हैं। इसके अलावा यह खिलाड़ी एमआई को भी अपनी कप्तानी में 5 बार साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में ट्रॉफी दिला चुका है। रोहित ने जीते हुए मैच में 38.03 की औसत से 3,918 रन बनाए हैं।

**दिनेश कार्तिक- 125 मैच**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल में 125 मैच जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। हाल ही में वह रोहित और धोनी के बाद 250 आईपीएल मुकाबले खेलने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बने थे। जीते हुए मुकाबले में इस खिलाड़ी ने 2,219 रन बनाए हैं। कार्तिक पहले ही कह चुके हैं कि आईपीएल 2024 उनके आखिरी सीजन होगा। आईपीएल 2024 में इस खिलाड़ी ने 10 मैच में 371 रन बनाए हैं।

विदेशों में भी लोकसभा चुनाव 2024 का खुमार

# यूएस, यूके और जर्मनी में पीएम मोदी के समर्थन में हो रहे कार्यक्रम त्रिनिदाद-टोबैगो में 15 हजार लोगों ने किया हनुमान चालीसा का जाप

## अबकी बार 400 पार का नारा भी लगाया

### खास बातें

1. ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी कर रही विदेशों में आयोजन
2. मोदी की प्रचंड जीत की कामना कर रहे प्रवासी भारतीय
3. अमेरिका के मंदिर में मोदी के लिए सुदर्शन मंत्र का जाप
4. मोदी के समर्थन में ब्रिटेन में टॉवर ब्रिज पर मार्च



एजेंसी ▶▶ पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 का खुमार विदेशी सरजमीं तक भी देखा जा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों में पीएम मोदी के समर्थन में कार्यक्रम हो रहे हैं। देश की संस्कृति की एक अन्य झलक उस समय दिखी जब प्रवासी भारतीयों ने त्रिनिदाद और टोबैगो में हनुमान चालीसा जाप का आयोजन भी किया। कैरेबियाई देश में इस आयोजन में हजारों की संख्या में प्रवासी भारतीय शामिल हुए।

### उच्चायुक्त भी रहे उपस्थित

प्रवासी भारतीयों ने त्रिनिदाद और टोबैगो में हनुमान चालीसा जाप कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को कैरेबियाई देश में स्थित भारतीय उच्चायोग और राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (राना) न्यूयॉर्क की ओर से आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति के लिए राष्ट्रीय परिषद परिसर में आयोजित किया गया। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय उच्चायुक प्रदीप राजपुरोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की और करीब 15 हजार भक्तों की भागीदारी देखी गई।

### अमेरिका में किया हवन-पूजा

अमेरिका में पीएम मोदी और भाजपा की प्रचंड जीत की कामना करते हुए भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने पूरे अमेरिका में हवन किया। लोकसभा चुनाव 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की सफलता की प्रार्थना करते हुए ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी, यूएसए के स्वयंसेवकों ने हवन का आयोजन किया। संगठन के अध्यक्ष अदापा प्रसाद और महासचिव वासुदेव पटेल ने नेतृत्व किया। न्यू जर्सी के शिव विष्णु मंदिर, साईं दत्त पीठम में आयोजित समारोह के दौरान प्रतिभागियों ने सुदर्शन मंत्र का जाप किया।

### 11 हजार रक्षा सूत्र वितरित

इस दौरान अयोध्या के राम मंदिर से करीब 11 हजार रक्षा सूत्र भक्तों को वितरित करने के लिए लाए गए थे। जिन्हें उच्चायुक्त राजपुरोहित ने वितरित किया। उच्चायुक्त ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर अमेरिका के संस्थापक प्रेम भंडारी के प्रयासों की प्रशंसा की। भंडारी ने प्रवासी सदस्यों को एक साथ लाने के लिए संगठित होने में मदद की।

### जर्मनी में कार रैली



जर्मनी में भाजपा के प्रवासी मित्रों ने मोदी के चुनाव अभियान को समर्थन दिया। बर्लिन में ब्रैडेनबर्ग टोर व म्यूनिख में प्रसिद्ध फुटबॉल एरेना में प्रवासी भारतीय एकजुट हुए और कार रैली आयोजित की। प्रवासी मित्र भाजपा जर्मनी के सह-संयोजक सुनील सिंह ने बताया कि रैली में प्रसिद्ध नारा अबकी बार 400 पार का नारा भी लगाया गया।

### ब्रिटेन में 'रन फॉर मोदी' कार्यक्रम



ब्रिटेन में भाजपा के प्रवासी मित्रों ने लंदन में 'रन फॉर मोदी' कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों ने भारी बारिश के बावजूद भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति एकजुटता-समर्थन जताया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के महासचिव सुरेश मंगलगिरी ने बताया कि 2019 में भी उन्होंने इस तरह कार्यक्रम किया था। लंदन में रन फॉर मोदी फ्लैश मॉब कार्यक्रम वेस्टमिंस्टर पियर से शुरू हुआ और टॉवर ब्रिज पर खत्म हुआ।

## खबर संक्षेप

### कोलंबिया में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 9 की मौत



**बोगोटा।** सैनिकों के लिए सामान ले जा रहा सेना का एक हेलीकॉप्टर सोमवार को उत्तरी कोलंबिया के एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार नौ जवानों की मौत हो गयी। कोलंबियाई सेना ने एक बयान में कहा कि यह हेलीकॉप्टर सांता रोसा डेल सुर की नगरपालिका में सैनिकों के लिए सामान लेकर जा रहा था।

### फिर फटा माउंट रुआंग ज्वालामुखी, फैला गुबार



**मानादो।** इंडोनेशिया का माउंट रुआंग ज्वालामुखी दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार मंगलवार को फिर से फट गया, जिससे करीब दो किलोमीटर दूर तक आसमान में गुबार फैल गया और एक हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा। ज्वालामुखी फटने की वजह से उसका मलबा आस-पास के गांवों में फैल गया।

नवनियुक्त भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा

# मेरा प्रयास नौसेना को मजबूत, आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से 'ज्यादा उन्नत' बनाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार है।*

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा है कि है कि मेरा प्रयास भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर, मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत सेवा बनाने का रहेगा। भारतीय नौसेना को 'आत्मनिर्भर' बनाने पर मेरा ध्यान और प्रयास रहेगा। मैं नई स्वदेशी तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को और भी मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना का छब्बीसवां नौसेना अध्यक्ष बनने पर मुझे अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति हो रही है। मुझसे पहले पच्चीस नौसेना अध्यक्षों ने अपनी कर्मठता और समर्पण से हमारी नौसेना को युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सुगठित और भविष्य की ताकत बनाई है।



सेवानिवृत्त एडमिरल आर हरि कुमार (बाएं) से चार्ज लेने के बाद एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी (दाएं)

- *नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए खड़ी*
- *विकसित भारत के लिए चल रहे प्रयासों को मजबूत करेंगे*

**नौसेना को राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनाएंगे**

### नई प्रौद्योगिकियों को करेंगे पेश

नौसेना प्रमुख ने यह कहा कि आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए नौसेना के जारी प्रयासों को बढ़ाने पर वह प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि मैं आत्मनिर्भरता की दिशा में, नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने में और 'विकसित भारत' के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा में राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनने में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

### नौसेना समुद्री हित और रक्षा पर खरा उतरेगी

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि मेरा प्रयास भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर, मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत सेवा बनाने का रहेगा। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि भारतीय नौसेना कभी भी, कहीं भी, कैसे भी हमारे देश के समुद्री हित और समुद्री रक्षा दोनों पर हरदम खरी उतरे। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपकी नौसेना हरदम 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र का पालन करते हुए आपके साथ खड़ी है।

#### नौसेना हर समय तैयार रहे


त्रिपाठी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट और विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा।

#### मानव संसाधन का कौशल विकास करेंगे

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता हमारे मानव संसाधन का कौशल विकास करने की होगी जो हमारी नौसेना के पुरुष और महिला कर्मी हैं। मेरी प्राथमिकता उन्हें सर्वश्रेष्ठ शस्त्र, प्रशिक्षण, पेशेवर माहौल और प्रशासनिक समर्थन देने की होगी। मैं मानव संसाधन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान दूंगा।

लंदन में युवक ने तलवार से किया हमला

# 13 साल के लड़के की मौत 2 पुलिसकर्मी समेत 4 घायल



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं, इनमें 2 पुलिस अधिकारी शामिल है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ुलिस ने बताया कि लोकल समय के मुताबिक सुबह 7:00 बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है।

### सड़कों और स्टेशन को बंद किया

हैनॉल्टके डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर एड एडेल्कन ने कहा है कि घटना के कारण इलाके के कई लोग हैरान है। लोग हमले के बारे में जानना चाहते हैं। हम जल्द से जल्द लोगों को हमले की जानकारी देने की कोशिश करेंगे। हालांकि हमें नहीं लगता है कि हमला आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। हमले के बाद पुलिस ने आसपास की सड़कों और हैनॉल्ट के ट्यूब स्टेशन को बंद कर दिया है। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा है कि उन्हें हमले की जानकारी से बेहद दुख हुआ।

### आरोपी घरों में घुसने की कोशिश कर रहा था

हैनॉल्ट में हुई घटना के एक गवाह ने बताया कि मैंने सुबह करीब 7 बजे लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनी। आवाज पुलिस के चिल्लाने की लग रही थी। मैंने पीछे की खिड़की से बाहर देखा कि पीले कपड़े पहने एक आदमी तलवार के साथ कुछ घरों में घुस रहा है।

डीआरजी और एसटीएफ़ की संयुक्त कार्रवाई

# मुठभेड़ में 3 महिलाओं समेत 9 नक्सली ढेर, कई हथियार जब्त

एजेंसी ▶▶ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत नौ नक्सलियों को मार गिराया है।

राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ़) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था।



### सभी जवान सुरक्षित


उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान सोमवार सुबह लगभग छह बजे जब सुरक्षाबल के जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सभी जवान सुरक्षित रहे।

### आत्मसमर्पण करें

तलाशी अभियान के दौरान नक्सली डेरे से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद और दैनिक उपयोग का सामान जब्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने नक्सलियों से कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

असम राइफल्स को मिली कामयाबी

# भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम राइफल्स ने सोमवार (29 अप्रैल) को नागालैंड के मोन जिले में पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारत-म्यांमार सीमा के समीप भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री जब्त की।

### *शत्रुओं के नापाक मंसूबे ध्वस्त*

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र के समीप भारी क्षमता वाले इन सैन्य ग्रेड हथियारों की बरामदगी असम राइफल्स द्वारा चलाए जा रहे सीमा सीलिंग ऑपरेशन के लिए बड़ी सफलता है। यह बरामदगी क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिशों में जुटे शत्रु तत्वों के नापाक मंसूबों के लिए भी बड़ा आघात है। बता दें कि पकड़ा गया व्यक्ति और बरामद सामान नागालैंड पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सैन्य ग्रेड के हथियारों और लगभग 200 हैंड हेल्ड रेडियो सेटों की बरामदगी से गलत लक्ष्यों और क्षति का संकेत मिलता है।*

### *पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे को रात में विमान उतारने, उड़ान भरने की सुविधा मिली*

*पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय (वीएसआई) हवाई अड्डे के उत्क्रोश एयरफील्ड को रात में विमान को उतारने और उड़ान भरने की सुविधा मिल गयी है। एयरफील्ड लाइटनिंग सिस्टम (एएफएलएस) का कार्य पूरा होने के बाद हवाई अड्डा इस सुविधा के साथ तैयार है। हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि वीएसआई हवाई अड्डा अब आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस है जिनसे रात, खराब मौसम एवं निम्न दृश्यता की स्थिति में विमानों का सुचारू परिचालन हो पाएगा।*



पन्नू मामले पर अमेरिका की खबर पर विदेश मंत्रालय का पलटवार

# इस गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- भारत-अमेरिका महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार
- भारत ने उच्च स्तरीय समिति गठित की
- यह मामला देश के घराष्ट्रीय हित से जुड़ा

अमेरिका अखबार की एक खबर में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी का नाम लिए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को भारत ने कहा कि खबर में एक गंभीर मामले में 'अवांछित और निराधार' आरोप लगाए गए हैं। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पन्नू की कथित हत्या की साजिश के संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अ वां छि त और निराधार आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों तथा अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गईं सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है जिसकी जांच जारी है।





### काल्पनिक टिप्पणियों की जरूरत नहीं

जायसवाल ने कहा कि इस पर काल्पनिक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सात दिसंबर को संसद में कहा था कि भारत ने इस मामले में अमेरिका से प्राप्त सूचना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है क्योंकि इस मामले से देश के राष्ट्रीय हित भी जुड़े हैं। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका में सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश का आरोप लगाया था।

### भारत इसे गंभीरता से ले रहा है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** भारत सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिका में हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को गंभीरता से ले रहा है।



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां-पियरे ने यह टिप्पणी की है। ज्यां-पियरे ने कहा कि जांच की जा रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। पन्नू की हत्या की कथित साजिश पर खोजी रिपोर्ट के बारे में ज्यां-पियरे ने कहा कि यह गंभीर मामला है और हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। भारत सरकार ने हमसे बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं और इसकी जांच कराएंगे।

### बंदूकधारी ने मस्जिद में घुसा, छह की जान ली



**इस्लामाबाद।** पश्चिमी अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने एक मस्जिद में घुसकर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे वहां नमाज़ पढ़ रहे छह लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मस्जिद को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह अल्पसंख्यक शिया समुदाय की है। तालिबान शासित गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि यह हमला सोमवार रात को हेरात प्रांत के गुज़रा जिले में हुआ है।

पाक के पंजाब प्रांत में गेहूं खरीद संकट

# प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, 200 से अधिक लोग गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज़ सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। 'किसान इतेहाद' के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया कि विधानसभा प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

# भ्रष्टाचार का काला सच !

# क्या होगी इस मामले पर कार्रवाई ?

## मित्तल कॉलोनी की समूची जमीन पर वक्फ बोर्ड ने ठोका दावा, जिला कलक्टर को दिया ज्ञापन



### भू कारोबारी ने सरकारी जमीन को किया खुर्दबुद

### 70 हजार करोड़ बताया जा रहा है जमीन का मूल्य

राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर/जयपुर (रमाकांत गोस्वामी)।** मित्तल कॉलोनी की समूची जमीन पर जिला वक्फ कमेटी धौलपुर ने दावा ठोकते हुए कहा है कि नगर स्थापना के तदुपरांत शासक ने जमीन मुस्लिम संप्रदाय को मृत व्यक्तियों को दफनाने के लिए दान में दी थी, तभी से मुस्लिम संप्रदाय के लोग मृत शरीरों को मित्तल कॉलोनी की जमीन पर दफना रहे थे। बीच में जमीन पर खेतिहर मजदूर खेती करने लगे और मुस्लिम संपद्राय के लोग आगे जाकर मृत शरीरों को दफनाने लगे। इस संबंध में मंगलवार को कमेटी के जिला अध्यक्ष मुन्ना फय्याज की सहमति के बाद हज कमेटी के जिलाध्यक्ष अजमेरी उस्मानी ने जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी को ज्ञापन दिया और जिला कलक्टर ने भी तुरंत तहसीलदार (भू.अ.) धर्मसिंह को तलब कर मौके की स्थिति का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश



दिए ज्ञापन देने वालों में हबीब खान, सद्दीक मास्टर, एडवोकेट सत्तार खान, एडवोकेट मजीदखान, हाजी कल्लू खान, युवा समाजसेवी आसिफ उस्मानी शामिल थे। ज्ञापन में कहा है कि मित्तल कॉलोनी की जमीन में वर्षों पुरानी कब्रें निकल रही हैं। इसके अलावा वहां पुरानी दरगाह (मजार) है, जिससे प्रतीत होता है कि मित्तल कॉलोनी की संपूर्ण जमीन वाई नेचर एवं वाई ऊसर वक्फ संपत्ति है। वक्फ अधिनियम के अनुसार जमीन इंतजामिया वक्फ कमेटी को सौंपी जाए।





#### 70 हजार करोड़ की है जमीन

एक अनुमान के मुताबिक मित्तल कॉलोनी की समूची जमीन की बाजार दर से करीब 70 हजार करोड़ रुपए की है, अब तक सबूतों से स्पष्ट है कि मित्तल कॉलोनी की जमीन कब्रिस्तान की है। मुस्लिम संप्रदाय के उमरदराज लोग भी जमीन को कब्रिस्तान की बताते हैं, लेकिन रेवेन्यू रिकार्ड में जमीन कब्रिस्तान के नाम से दर्ज नहीं है। भू कारोबारी मित्तल ने इसी का लाभ उठाते हुए मौके पर बैठे किसानों से जमीन खरीद ली और आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों में तब्दील कर बेच दी। जमीन को लेकर कई बार आपत्ति भी दर्ज कराई गई, लेकिन शिक्षा और जागरूकता के अभाव में भू कारोबारी सरकारी जमीन को खुर्दबुद करता रहा।











**जल्द ही अगले अंक में हम आपको बताएंगे इस मामले का पूरा सच!**

---

राजस्थान में 101 जिला जज के तबादले हुए

## हाईकोर्ट ने कोटा, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ के डिस्ट्रिक्ट जज बदले



ओमी पुरोहित | महेन्द्र सिंह सिसोदिया | सत्यनारायण व्यास

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आज प्रदेश में 101 डीजे कैडर के न्यायिक अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें हाई कोर्ट ने कोटा, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ जिले में जिला एवं सैशन न्यायाधीश को बदल दिया हैं। न्यायिक अधिकारी सत्यनारायण व्यास कोटा, महेन्द्र सिंह सिसोदिया चित्तौड़गढ़ और ओमी पुरोहित को प्रतापगढ़ जिला एवं सैशन न्यायालय में डीजे लगाया गया हैं। रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर ने तबादला आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा हाई कोर्ट ने प्रदेश की 12 पोक्सो कोर्ट और 3 एसीबी कोर्ट में भी न्यायिक अधिकारियों को बदल दिया हैं। न्यायिक अधिकारी हुकुमसिंह राजपुरोहित को स्पेशल जज पोक्सो कोर्ट बालोतरा, तारा अगवाल को लगाया जज स्पेशल कोर्ट पोक्सो बांसवाड़ा, सोनिका पुरोहित को जज स्पेशल कोर्ट पोक्सो चूरू, राज कुमार को जज स्पेशल कोर्ट पोक्सो धौलपुर, भूपेंद्र कुमार सनाढय को जज स्पेशल कोर्ट पोक्सो जालोर, मोहम्मद आरिफ को जज स्पेशल कोर्ट पोक्सो, डूंगरपुर और विश्व बंधू को जज स्पेशल कोर्ट पोक्सो केसेज बीकानेर में लगाया गया हैं। वहीं एसीबी कोर्ट-2 जोधपुर में डीजे मधूसुदन मिश्रा, श्रीगंगानगर एसीबी कोर्ट में अनु चौधरी और उदयपुर एसीबी कोर्ट में डीजे संदीप कौर को लगाया गया है।

---

किडनी ट्रांसप्लांट मामले में आरोपी के बैंक खाते खोलेंगे राज

## निजी अस्पतालों के डॉक्टर और उनके असिस्टेंट के भी संपर्क में था गौरव सिंह

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अंगों की खरीद-फरोख्त मामले में फर्जी एनओसी जारी करने वाले एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) आरोपी गौरव सिंह ने कई खुलासे किए हैं। एसीबी सूत्रों की मानें तो गौरव ऑर्गन कॉर्डिनेटरों के अलावा प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टरों और उनके असिस्टेंट के भी संपर्क में था। एसीबी को गौरव से बरामद रिकॉर्ड और चैट से इनके साथ लेन-देन के इनपुट मिले हैं। ऐसे में एसीबी ने बैंकों से इनके खातों की डिटेल मांगी है। माना जा रहा है कि बैंक खाते अब कई राज खोलेंगे।

उधर, अंग तस्करी के मामले में जयपुर पुलिस की धीमी पर भी सवाल उठ रहे हैं, जबकि हरियाणा पुलिस आगे बढ़कर काम कर रही है। जयपुर से ही विदेशी डोनर और रिसीवर किडनी ट्रांसप्लांट करवाकर विदेश लौट जाते थे और किसी को भनक तक नहीं लगती थी। सीएम फ्लाइंग और गुरुग्राम पुलिस ने सबसे पहले एक होटल से डोनर और रिसीवर को गिरफ्तार किया और अब 4 दिन पहले रैकेट चलाने वाले दलालों मुर्तजा अंसारी और मोहन को पकड़ने के लिए एसआईटी का भी गठन कर दिया। हैरत की बात है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का गिरोह होने के बावजूद दलालों की तलाश के लिए जयपुर पुलिस ने अभी तक एसआईटी नहीं बनाई है। बता दें कि गौरव से 250 फर्जी एनओसी जब्त की गई थी। इसी के आधार पर एसीबी ने डॉक्टरों व अन्य के 10 मोबाइल, लैपटॉप, पेन ड्राइव रिकॉर्ड लेने के लिए एफएसएल भेजे थे, ताकि मामले में कौन-कौन डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन



के लोग शामिल हैं, पता चल सके। पुलिस ने 4 अप्रैल को हरियाणा के गुरुग्राम के होटल में पकड़ाए 5 किडनी डोनर-रिसीवर लाकर पूछताछ कर ली और अब एसीबी द्वारा पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की एफआईआर में देरी, पुलिस की एसआईटी गठन में

4 अप्रैल को हरियाणा में हुए खुलासे के 2 दिन बाद जयपुर पुलिस ने गुरुग्राम से तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को भेजी थी। विभाग 10 तक %लीगल ऑपिनियन% के नाम पर धीमी चाल से विश्लेषण ही करती रही। मामला दूसरे राज्यों के साथ अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ा है, लेकिन पुलिस ने एसआईटी अभी तक नहीं बनाई।

### हरियाणा पुलिस ने एसआईटी भी बना दी, जयपुर पुलिस खाली हाथ

हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने 4 अप्रैल को सीएम फ्लाइंग ने होटल में डोनर-रिसीवर सहित 5 बांग्लादेशियों को पकड़ा। पूछताछ की तो अंग खरीद-फरोख्त सामने आई। जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में अवैध ट्रांसप्लांट होने की बात सामने आई। हरियाणा पुलिस टीम जयपुर आई। फोर्टिस हॉस्पिटल से रिकॉर्ड लिया। हरियाणा पुलिस ने दलाल मुर्तजा अंसारी को नामजद कर तलाश शुरू की। आईपीएस (डीसीपी) के नेतृत्व में 27 अप्रैल को एसआईटी तक का गठन कर दिया।

राजस्थान में एसीबी ने फर्जी एनओसी मामले का खुलासा कर 1 अप्रैल को एसएमएस के एएओ गौरव सहित 4 को पकड़ा था। अब एफएसएल भेजे गए मोबाइल- लैपटॉप-पेन ड्राइव से रिकॉर्ड का इंतजार हो रहा। जयपुर पुलिस ने हरियाणा में खुलासे के बाद अंग तस्करी पर एक रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजी। 10 दिन बाद 10 दिन बाद 17 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग ने एफआईआर करवाई। फोर्टिस, ईएचसीसी व मणिपाल हॉस्पिटल से रिकॉर्ड जब्त कर %गोपनीय% जांच कर रहे हैं। एसआईटी नहीं बनाई।

### बड़े स्तर पर गोपनीय तरीके से काम कर रही टीम

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- हमारी टीम पूरे नेटवर्क को क्रेक करने के लिए बड़े स्तर गोपनीय तरीके से काम कर रही है। विदेश जा चुके लोगों को एम्बेसी बुलाकर वीसी से बयान लेंगे। आरोपियों के बारे में अनुसंधान कर अग्रिम कार्रवाई के लिए भारत सरकार से अनुमति ली जाएगी। फरार दलालों को पकड़ने लिए छापेमारी की जा रही है।

---

आरयू में 11 मांगों को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

## रोहित मीणा बोले- पुलिस ने किया लाठीचार्ज, मनु ने कहा करेंगे उग्र आंदोलन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को कुलपति सचिवालय का घेराव किया। इस दौरान नाराज छात्र कुलपति सचिवालय में घुसकर धरने पर बैठ गए। जिन्हें बमुश्किल पुलिस ने बाहर निकला। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच की बहस भी हो गई। जिसके बाद छात्रों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान यूनिवर्सिटी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा PAT भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। इससे गरीब और जरूरतमंद छात्र एडमिशन से वंचित रह रहे हैं। ऐसे में PAT मैं 50त्न से ज्यादा अंक लाने वाले स्टूडेंट्स को अब इंटरव्यू में बुलाया जाए। इसके साथ ही कैंपस के लाइब्रेरी भवन को फिर से शुरू किया।

इसके साथ ही हमारी 11 सूत्री मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसको लेकर हमने पहले भी शांतिप्रिय प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा पुलिस को बुलाकर हम पर लाठी चार्ज किया गया। इससे हम डरने वाले नहीं हैं। एबीवीपी का प्रत्येक कार्यकर्ता आखिरी सांस तक आम छात्रों के लिए लड़ाई लड़ेगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।